# Supporting Documents

## 5.3.3

## Cultural Event Supporting Document

## Academic Session 2021-22 to 2017-18

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in



**Exhibition Competition -2022**













**Rangoli and Poster Competition -2022**

# कवि सम्मेलन

## 18-08-2022

## आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पीयू में हुआ आयोजन




वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में बुधवार की देर शाम तक चले कवि सम्मेलन में विद्यार्थियों,शिक्षकों एवं कविगण की देशभक्ति केंद्रित रचनाओं से श्रोतागण झूम उठे। कवि सम्मेलन का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया।

कवि सम्मेलन की मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी ने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव में जन जन में एक नई ऊर्जा देखने को मिली। लहराते तिरंगे के पीछे बहुत से बलिदानों की कहानी है। उन्होंने इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने में केंद्र और राज्य सरकार की भूमिका की सराहना की तथा इस अवसर पर कारगिल के जवानों के दर्द को भी गीत के माध्यम से सुनाया।

कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने कहा कि कवि सितारों में सूर्य की तरह होते है। उन्होंने अपनी रचना कौन सी कविता होती है पूरी,सदा रहती है अधूरी,इच्छाओं की तरह......सुना कर खूब तालियां बटोरी।

डॉ. पी. सी विश्वकर्मा ने देशभक्ति रचना सरहद पर लड़ने वालों का दुनिया में नाम है,भारत के इन सपूतों को मेरा सलाम है...बड़े जोश के साथ सुनाया।

कवि सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध के समय तिरंगे की ताकत पूरी दुनिया ने देखा। मिल जुल कर रहेगा प्यारा यह हमारा देश,होने वाला कभी नहीं यहा पर दंगा.... सुनाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

गिरीश श्रीवास्तव 'गिरीश' ने बड़े रोचक अंदाज में हिन्द के वासी है हम,हर दिल में हिंदुस्तान लिख दो...सुनाया। डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव ने मैं देशभक्त का परचम हूँ,मैं आज़ादी का राग हूँ,मैं जलियावाला बाग हूँ....सुनाया। लोक

भाषा में देश के जवानों की ताकत बया की। कवि डॉ. प्रतीक मिश्र ने कदम से कदम मिलाते चलो के साथ कई रचनाएँ सुनाई।

एचआरडी विभाग के विद्यार्थी रितिक पांडे ने अपनी स्वरचित रचना आओ सब मिलकर बोले भारत देश महान बा......... की शानदार प्रस्तुति दी। बीटेक के विद्यार्थी नितेश दुबे ने माँ पर मार्मिक प्रस्तुति दी। बीटेक के ही विद्यार्थी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने भारत माता और आजादी पर काव्य पाठ कर जोश भर दिया।

प्रस्तुति की श्रृंखला में परिसर अन्य विद्यार्थियों तथा शिक्षकों में डॉ अवधेश मौर्या, कीर्तिलता राव, खुशबू प्रजापति, सुमित मौर्य, अभिनव कीर्ति पाण्डेय, रितेश पांडे, विवेक सिंह, वैष्णवी गुप्ता, वैभव बिंदुसार, सुंदरम दुबे ने काव्य पाठ कर खूब तालियां बटोरी।

अतिथियों का स्वागत हर घर तिरंगा के नोडल अधिकारी डॉ मनोज मिश्र ने एवं आभार प्रो अजय प्रताप सिंह ने व्यक्त किया। इस अवसर अपर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र दुबे, कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वी एन सिंह, प्रो बीबी तिवारी,एनएसएस समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव, प्रो वंदना राय, प्रो अजय द्विवेदी, प्रो राजेश शर्मा, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो संदीप सिंह, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो नूपुर तिवारी, डॉ प्रमोद यादव, डॉ. रसिकेश, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अमरेंद्र सिंह, ए आर अजीत सिंह, श्रीमती बबिता सिंह, अमृतलाल, दीपक सिंह, शशिकांत यादव, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. चंदन सिंह समेत विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मनमोहा

**15-08-2022**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ. विद्यार्थियों द्वारा लोक गीत, मूक अभिनय, समूह नृत्य, एकल नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए. नाटक के माध्यम से
देश भक्ति के संदेश दिए गए. कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने प्रतिगिताओं में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।






कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई. देश के विभिन्न प्रान्तों के नृत्य पर श्रेया प्रजापति और प्रियांशु पटेल ने शानदार प्रस्तुति दी.फार्मेसी के फार्मा ईलाइट ग्रुप ने सबसे आगे होंगे हिन्दुस्तानी पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बंटोरी. मानव संसाधन विभाग के तिरंगा ग्रुप की छात्राओं द्वारा मूक अभिनय की प्रस्तुति देखकर श्रोताओं की आँख भर गई. हर्ष साहू ग्रुप द्वारा नाटक के माध्यम से सामाजिक सद्भाव का सन्देश दिया गया. गंगेश पाठक ग्रुप द्वारा शहीदों के शहादत पर नाटक प्रस्तुत किया गया. वैभव

बिन्दुसार एवं निधि तिवारी ने गीत प्रस्तुत किए. गौरव मौर्य ने बासुरी से राष्ट्र गान की प्रस्तुति दी. छात्र सूर्यांश और नितीश ने स्वरचित रचना का पाठ किया.प्रबंध संकाय के प्रो. अविनाश पाथर्डीकर कर्मचारी राज नारायण सिंह, राधे श्याम सिंह, रजनीश सिंह ने गीत प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का संयोजन विनय वर्मा एवं संचालन हर घर तिरंगा के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने किया.

हर घर तिरंगा अभियान के तहत विश्वविद्यालय में हुई पोस्टर, रंगोली, प्रश्नोत्तरी, भाषण, काव्य पाठ एव अन्य प्रतियोगिताएं में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य, कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया. कुलपति द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह, हर घर तिरंगा के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव,डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. विनय वर्मा, शशिकांत यादव,डॉ दिव्येंदु मिश्र को सम्मानित किया गया.
इस अवसर पर प्रो. बी. बी. तिवारी,परीक्षा नियंत्रक वी. एन. सिंह, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय द्विवेदी, ,प्रो.एके श्रीवास्तव,प्रो प्रदीप कुमार, डॉ. राजकुमार, डॉ. संतोष, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. रसिकेश, अनु त्यागी, डॉ. मनोज पाण्डेय, एआर अजीत प्रताप सिंह, अमृत लाल, बबिता सिंह, दीपक सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे.|

## स्वतंत्रता दिवस समारोह-2022

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने ध्वजारोहण किया। इस बार विश्वविद्यालय में **100** फीट के ध्वज का लोकार्पण किया गया। इसके पूर्व कुलपति ने महात्मा गांधी, वीर बहादुर सिंह, सरदार वल्लभभाई पटेल समेत अन्य महापुरुषों की मूर्तियों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।







स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अमृत महोत्सव के अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज इनकी वजह से हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। आजादी का अमृत महोत्सव का पूरे देश में जश्न मनाया जा रहा है ताकि देश के हर नागरिकों तक बलिदानों की गौरव गाथा पहुंचाई जा सके। उन्होंने शिक्षक,कर्मचारी और विद्यार्थियों से कहा कि आपको जो काम मिला है उसे निष्ठापूर्वक करना

ही असली देशभक्ति है। उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि आजादी का असली मतलब आत्मनिर्णय का अधिकार होता है। सैकड़ों साल की गुलामी के बाद हमें ये अधिकार मिला है। हमें इस जश्न को धूमधाम और सबकी सहभागिता से मनाना होगा। इसके पूर्व सरस्वती सदन से एकलव्य स्टेडियम तक प्रभातफेरी निकाली गई। पूरा परिसर देशभक्ति के नारे से गूंज उठा। इसके बाद महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी हाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ। विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्डों ने कुलपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। समारोह का संचालन राजनारायन सिंह ने किया। इस अवसर पर आभार हर घर तिरंगा के नोडल अधिकारी डा. मनोज मिश्र ने किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक और कर्मचारियों को प्रशस्तिपत्र और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, अजीत सिंह, बबिता सिंह, दीपक सिंह चीफ प्रॉक्टर, चीफ वार्डन, समस्त संकायाध्यक्ष, समस्त विभागाध्यक्ष समेत शिक्षक, कर्मचारी और छात्र मौजूद थे।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय में निकली तिरंगा यात्रा

**11-08-2022**

**तिरंगे की शान बनाएं रखें - कुलपति**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आज़ादी का अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को विश्वविद्यालय में तिरंगा यात्रा निकली. तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के अधिकारी,शिक्षक,कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए. तिरंगा यात्रा की शुरुआत विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से हुई. यात्रा का नेतृत्व कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने किया|



विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से शुरू होकर एकलव्य स्टेडियम से होते हुए वापस लौटी. मुक्तांगन में तिरंगा यात्रा के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि देश के तिरंगे को हाथों में लेने पर एक अलग तरह की अनुभूति होती है. हमारा तिरंगा भारत की एकता ,अखंडता और विविधता का प्रतीक है. हमारे सेनानियों ने तिरंगे में देश के भविष्य को देखा,सपनो को देखा और इसे कभी झुकने नहीं दिया. आज़ादी के ७५ वें वर्ष को पुरे जोश से मनाएं. कुलसचिव महेंद्र कुमार ने उत्साहवर्धन किया. नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने झंडा ऊँचा रहे हमारा,विजयी विश्व तिरंगा प्यारा का गान किया. तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति नारों से पूरा विश्वविद्यालय गूंजता रहा.


विश्वविद्यालय छात्रावास
आजादी का अमृत महोत्सव
"हर घर तिरंगा"
तिरंगा पद यात्रा
16 अगस्त 2022





इस अवसर पर प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. मानस पांडेय, प्रो ए. के. श्रीवास्तव, प्रो अजय द्विवेदी,प्रो रामनारायण, प्रो संदीप सिंह,प्रो प्रो रजनीश भास्कर, डॉ. गिरधर मिश्र, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ मनोज पाण्डेय, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ.संजीव गंगवार, डॉ धीरेन्द्र,ए आर अजीत सिंह, अमृत लाल, बबिता सिंह ,दीपक सिंह, राम जी सिंह, पी के कौशिक, श्री नाथ यादव, स्वतंत्र कुमार समेत विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए.






वाद-विवाद प्रतियोगिता


आजादी का अमृत महोत्सव
'हर घर तिरंगा'
आंदोलन पर आधारित प्रश्नोत्तरी,
लोकगीत, लोकभाषण
प्रतियोगिता
दिनांक- 14.08.2022
Music
Shot on Y19
Vivo AI camera



शक्ति
REDMI NOTE 6 PRO
MI DUAL CAMERA






क्रमांक.............

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

आजादी का अमृत महोत्सव


''हर घर तिरंगा''

11-17 अगस्त 2022

सम्मान-पत्र

प्रो0/डॉ0/श्री/सुश्री.........Saurabh......... ने आजादी का अमृत महोत्सव के ''हर घर तिरंगा'' छात्रवास कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं/कार्यक्रमों को आयोजित एवं कुशलतापूर्वक संपन्न कराने में अपना अप्रतिम योगदान दिया है। आयोजन समिति आपके योगदान की सराहना करते हुए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आपको सम्मानित करती है।

प्रो0 रजनीश भाष्कर
मुख्य वार्डेन (संयोजक)



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

आजादी का अमृत महोत्सव

"हर घर तिरंगा"

11-17 अगस्त 2022

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री......प्रणव सिंह / B.com 2nd Year ने आजादी का अमृत महोत्सव के "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित देशभक्ति आधारित प्रतियोगिता-रंगोली/ पोस्टर/ काव्य पाठ/ संभाषण/ प्रश्नोत्तरी/ निबंध प्रतियोगिता/ लोक गायन/ गीत/ नृत्य में प्रतिभाग किया।

इस प्रतियोगिता में आपने......3rd......स्थान प्राप्त किया है।

प्रो० निर्मला एस० मौर्य, कुलपति | प्रो० अजय प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी-आजादी का अमृत महोत्सव | डॉ० राकेश कुमार यादव, समन्वयक -रा.से.यो. | डॉ० मनोज मिश्र, नोडल अधिकारी- हर घर तिरंगा



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

आजादी का अमृत महोत्सव

"हर घर तिरंगा"

11-17 अगस्त 2022

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री......प्रियांशु प्रधान / B.com 2nd Year ने आजादी का अमृत महोत्सव के "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित देशभक्ति आधारित प्रतियोगिता-रंगोली/ पोस्टर/ काव्य पाठ/ संभाषण/ प्रश्नोत्तरी/ निबंध प्रतियोगिता/ लोक गायन/ गीत/ नृत्य में प्रतिभाग किया।

इस प्रतियोगिता में आपने......2nd......स्थान प्राप्त किया है।

प्रो० निर्मला एस० मौर्य, कुलपति | प्रो० अजय प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी-आजादी का अमृत महोत्सव | डॉ० राकेश कुमार यादव, समन्वयक -रा.से.यो. | डॉ० मनोज मिश्र, नोडल अधिकारी- हर घर तिरंगा



क्रमांक.............

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

आजादी का अमृत महोत्सव

"हर घर तिरंगा"

11-17 अगस्त 2022

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री......आँचल शुक्ला / B.Com / 2nd Year...... ने आजादी का अमृत महोत्सव के **"हर घर तिरंगा"** कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित देशभक्ति आधारित प्रतियोगिता-रंगोली/ पोस्टर/ काव्य पाठ/ संभाषण/ प्रश्नोत्तरी/ निबंध प्रतियोगिता/ लोक गायन/ गीत/ नृत्य में प्रतिभाग किया।

इस प्रतियोगिता में आपने..........2nd..........स्थान प्राप्त किया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रो० निर्मला एस० मौर्य** | **प्रो० अजय प्रताप सिंह** | **डॉ० राकेश कुमार यादव** | **डॉ० मनोज मिश्र** |
| कुलपति | नोडल अधिकारी-आजादी का अमृत महोत्सव | समन्वयक -रा.से.यो. | नोडल अधिकारी- हर घर तिरंगा |



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

आजादी का अमृत महोत्सव

"हर घर तिरंगा"

11-17 अगस्त 2022

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री हर्ष साहू / B.Com 2nd Year ने आजादी का अमृत महोत्सव के "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित देशभक्ति आधारित प्रतियोगिता-रंगोली/ पोस्टर/ काव्य पाठ/ संभाषण/ प्रश्नोत्तरी/ निबंध प्रतियोगिता/ लोक गायन/ गीत/ नृत्य में प्रतिभाग किया।

इस प्रतियोगिता में आपने 2nd स्थान प्राप्त किया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रो० निर्मला एस० मौर्य | प्रो० अजय प्रताप सिंह | डॉ० राकेश कुमार यादव | डॉ० मनोज मिश्र |
| कुलपति | नोडल अधिकारी आजादी का अमृत महोत्सव | | नोडल अधिकारी हर घर तिरंगा |



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविधालय, जौनपुर

आजादी का अमृत महोत्सव

"हर घर तिरंगा"

11-17 अगस्त 2022

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री......कनिष्का श्रीवास्तव / B.Com 2nd Year... ने आजादी का अमृत महोत्सव के "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित देशभक्ति आधारित प्रतियोगिता-रंगोली/ पोस्टर/ काव्य पाठ/ संभाषण/ प्रश्नोत्तरी/ निबंध प्रतियोगिता/ लोक गायन/ गीत/ नृत्य में प्रतिभाग किया।

इस प्रतियोगिता में आपने........2nd..................स्थान प्राप्त किया है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रो० निर्मला एस० मौर्य | प्रो० अजय प्रताप सिंह | डॉ० राकेश कुमार यादव | डॉ० मनोज मिश्र |
| कुलपति | नोडल अधिकारी-आजादी का अमृत महोत्सव | समन्वयक -रा.से.यो. | नोडल अधिकारी- हर घर तिरंगा |

# Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

## सावन महोत्सव

## 08-08-2022

**सावन का महीना खुशहाली का प्रतीक : प्रो. निर्मला एस. मौर्य**

विश्वविद्यालय के मुक्तांगन में मना पूर्वांचल सावन महोत्सव

विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत महिला अध्ययन केंद्र के द्वारा पूर्वांचल सावन महोत्सव का आयोजन मुक्तांगन परिसर में सोमवार को किया गया। इस महोत्सव में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पाद राखी,आचार,नमकीन, अगरबत्ती की दुकानें लगाई गई थी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि सावन का महीना हिंदुओं के लिए पवित्र माह होता है। इस माह में भगवान शिव की पूजा-अर्चना होती है। सावन का महीना सभी के लिए सुख समृद्धि लेकर आता है। इस महीने में जहां धरती की प्यास बुझती है वहीं खेतों में कई फसलों की बुवाई भी होती है। सावन का महीना जीव-जन्तु,पक्षी के लिए खुशहाली लेकर आता है। सबको गर्मी से निजात मिलती हैं। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताओं से जोड़ने के लिए इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। महोत्सव की मुख्य अतिथि जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह थी। उन्होंने पूर्वांचल सावन महोत्सव के कार्यक्रम की सराहना की। महोत्सव की संयोजक डा. जाह्नवी श्रीवात्सव ने कहा कि मिशन शक्ति और महिला अध्ययन केंद्र दोनों का मकसद महिलाओं को सबल और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने महोत्सव में आए अतिथियों का स्वागत किया। महोत्सव में बाल विवाह निषेध को कठपुतली के माध्यम से दिखाया गया। इसके बाद रामकिशुन महाविद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से शिव पार्वती,राधाकृष्ण नृत्य और शिव तांडव को लोगों ने सराहा। इसके बाद महिलाओं की ओर से कजरी का गायन हुआ। विद्यार्थियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन सलमान शेख और धन्यवाद ज्ञापन डा. वनिता सिंह ने किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेन्द्र कुमार वित्त अधिकारी श्री संजय कुमार राय प्रो. बीबी तिवारी,प्रो. अजय द्विवेदी,प्रो. देवराज सिंह,प्रो. रजनीश भास्कर,डॉ. मनोज मिश्रा,एनएसएस समन्वयक डा. राकेश यादव,डा. जगदेव,डा. सुनील कुमार,सहायक कुलसचिव अमृतलाल पटेल,बबिता सिंह,अजीत सिंह,दीपक सिंह,डा. अनिता सिंह,डा. माया सिंह,डा. ज्योत्सना श्रीवास्तव,डा. सुनीता गुप्ता,डा. सिंधुजा श्रीवास्तव,डा. नीतू सिंह,डा. संगीता सिंह,डा. रीतू मौर्या,डा. माया मौर्या,अनु त्यागी,डा. पूजा सक्सेना,डा. रेखा पाल,अन्य शिक्षक तथा आसपास की लोग महोत्सव में उपस्थित रहे।




**सावन प्रिंसेज श्वेता, सावन क्वीन प्रीति बनीं**

पूर्वांचल सावन महोत्सव के तहत सोमवार को कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इसमें सावन प्रिंसेज श्वेता साहू दूसरे और तीसरे नंबर पर वंशिका जायसवाल और कीर्ति सिंह रहीं। इसी क्रम में सावन क्वीन प्रीति श्रीवास्तव बनीं दूसरे स्थान पर मोहिनी श्रीवास्तव और तीसरे पर नीतू सिंह रहीं। सावन किंग का सम्मान इंजीनियरिंग संस्थान के प्रो. बीबी तिवारी को मिला। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर सारिका, स्नेहा मिश्रा और सारिका रहीं। इसी प्रकार कजरी प्रतियोगिता में प्रथम विनीता यादव, द्वितीय आशीष यादव और तृतीय पर मोहनी श्रीवास्तव रहीं। सावन प्रिंसेज प्रतियोगिता में निखिल कुमार सिंह प्रथम समरजीत सोनकर द्वितीय, पवन सोनकर तृतीय और विवेक सिंह चौथे स्थान पर रहे। सावन कपल में प्रथम स्थान पर डा. आलोक दास संग झांसी मिश्रा और द्वितीय स्थान पर मनु मिश्रा संग अनामिका मिश्रा रहीं। इस अवसर पर सहायक कुलसचिव अमृतलाल पटेल, बबिता सिंह, अजीत सिंह, दीपक सिंह, डा. अनिता सिंह, डा. माया सिंह आदि रहीं।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)
www.vbspu.ac.in

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं
06-08-2022

## काव्यपाठ, संभाषण, निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शनिवार को आजादी के अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत देशभक्ति आधारित काव्यपाठ, निबंध, संभाषण व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकी विज्ञान अध्ययन एवम शोध संस्थान में आयोजित प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय की इंजीनियरिंग, फार्मेसी, प्रबंध, विधि, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान संकाय तथा रज्जू भैया संस्थान के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी संजय कुमार राय तथा सहायक कुलसचिव बबिता ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा काव्य पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों की कला से रूबरू हुए । विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल **348** विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ श्याम कन्हैया, डॉ शशिकांत यादव, डॉ. सुजीत चौरसिया, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ अनु त्यागी, डॉ. झांसी मिश्रा, डॉ. रेखा पाल, डॉ. नवीन चौरसिया, जया शुक्ला रहे। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ नितेश जायसवाल ने बताया कि **15** अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रोफेसर देवराज सिंह, हर घर तिरंगा के नोडल अधिकारी डॉ मनोज मिश्र, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राकेश यादव, रोवर्स रेंजर्स के समन्वयक डॉ. जगदेव, मीडिया प्रभारी डॉ सुनील कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

## हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान का कुलपति ने किया शुभारंभ

**18-07-2022**



विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने गांधी प्रतिमा पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम की जागरूकता का शुभारम्भ कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने गांधी वाटिका में गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में हम सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का नमन करते हैं, जिनके बदौलत हम स्वतंत्र हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि जिन नामी-बेनामी शहीदों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया, देश की युवा पीढ़ी को उनके बलिदान के बारे में जानकारी देकर देशभक्ति के संस्कार को सृजित करना है। आजादी का अमृत महोत्सव सच्चे अर्थों में तभी सफलीभूत हो सकेगा। जनजागरुकता अभियान में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी जनपद के सभी शहीद स्थलों को भ्रमण कर उनके इतिहास को समझेंगे और हर घर तिरंगा फहराये जाने हेतु लोगों को जागरूक करेंगे।
उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' देश के हर नागरिक के दिलोदिमाग में देशभक्ति की भावना को उच्चतम स्तर पर ले जाने का कार्यक्रम है।

इस अवसर पर अवकाश प्राप्त न्यायाधीश मंगल प्रसाद ने कहा कि भावी पीढ़ी जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को ना देखा ना भोगा है उनमें देशभक्ति की भावना भरने के लिए इस कार्यक्रम को शुरू किया गया। यह कार्यक्रम हमारे युवा मन में शहीदों के समर्पण को आत्मसात करेंगे।

कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि यह अभियान इस वर्ष स्वतंत्रता के **75** वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरू किया जा रहा है। इस अभियान से विद्यार्थी शिक्षक और नागरिकों के मन में देश के प्रति जिम्मेदारी का अहसास के साथ-साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव उत्पन्न होगा। इस कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डा. मनोज मिश्र ने और धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस समन्वयक डा. राकेश यादव ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, डा. समर बहादुर सिंह, डॉ सत्यैंद्र सिंह, प्रो. अजय प्रताप सिंह, डा. अमरेंद्र सिंह, डा. गिरधर मिश्र, डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, सहायक कुलसचिव अमृतलाल पटेल, डा. श्याम कन्हैया, डा. पुनीत धवन, डा. शशिकांत यादव, डा. विनय वर्मा, डा. कमलेश पाल, सोनम झा, रेखा पाल आदि लोग उपस्थित थे।



# हर घर तिरंगा जागरूकता अभियान का कुलपति ने किया शुभारंभ

## विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने गांधी प्रतिमा पर अर्पित किए श्रद्धासुमन



**जौनपुर (एसएनबी)।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम की जागरूकता का शुभारम्भ कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने गांधी वाटिका में गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में हम सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का नमन करते है, जिनके बदौलत हम स्वतंत्र है। उन्होंने इस कार्यक्रम के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि जिन नामी-बेनामी शहीदों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया, देश की युवा पीढ़ी को उनके बलिदान के बारे में जानकारी देकर देशभक्ति के संस्कार को सृजित करना है। आजादी का अमृत महोत्सव सच्चे अर्थों में तभी सफलीभूत हो सकेगा।

जनजागरु कता अभियान में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी जनपद के सभी शहीद स्थलों को भ्रमण कर उनके इतिहास को समझेंगे और हर घर तिरंगा फहराये जाने हेतु लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' देश के हर नागरिक के दिलोदिमाग में देशभक्ति की भावना को उच्चतम स्तर पर ले जाने का कार्यक्रम है। इस अवसर पर अवकाश प्राप्त न्यायाधीश मंगल प्रसाद ने कहा कि भावी पीढ़ी जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को ना देखा ना भोगा है उनमें देशभक्ति की भावना भरने के लिए इस कार्यक्रम को शुरू किया गया। यह कार्यक्रम हमारे युवा मन में शहीदों के समर्पण को आत्मसात करेंगे। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि यह अभियान इस वर्ष स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुरू किया जा रहा है। इस अभियान से विद्यार्थी शिक्षक और नागरिकों के मन में देश के प्रति जिम्मेदारी का अहसास के साथ-साथ राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान का भाव उत्पन्न होगा। इस कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने और धन्यवाद ज्ञापन एनएसएस समन्वयक डॉ. राकेश यादव ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, डा. समर बहादुर सिंह, प्रो. अजय प्रताप सिंह, डा. अमरेंद्र सिंह, डा. गिरधर मिश्र, डॉ. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, सहायक कुलसचिव अमृतलाल पटेल, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. कमलेश पाल, सोनम झा, रेखा पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा अभियान को मिलकर बनाएं सफल

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी वाराणसी के संयोजन में जनपद के प्राचार्य गण की एक आनलाइन बैठक आहूत की गई । इस बैठक में शासन के दिशा-निर्देश के क्रम में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार दूबे द्वारा जौनपुर जनपद के प्राचार्य गण को आवश्यक निर्देश दिए गए । उन्होंने कहा कि दिनांक 11 अगस्त 2022 से 17 अगस्त 2022 के मध्य स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जाना है जिसमें समस्त शैक्षणिक संस्थानों,समस्त कार्यालयों, प्रतिष्ठानों तथा हर घर में तिरंगा लहराया जाए। तिरंगा किस प्रकार फहराया जाना है उसका उल्लेख शासनादेश के सलंग्नकों में किया गया है। शैक्षणिक संस्थान अपने संस्थान के छात्रों की रैली का आयोजन करेंगे जिसमें कुछ छात्र विभिन्न स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वेशभूषा में रहेंगे तो रैली विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगी.उन्होंने कहा कि समस्त कार्यक्रमों का विवरण उच्च शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए , तिरंगा यात्रा में श्याम लाल गुप्त पार्षद की रचना झंडा ऊंचा रहे हमारा का गान हो । स्वाधीनता समारोह का आयोजन भव्य तरीके से किया जाए उस दिन समस्त शैक्षणिक संस्थान खुले रहेंगे ।तिरंगा झंडा का आकार 30 इंच × 20 इंच × 15 इंच या इसी अनुपात में होगा ।खादी से बने हुए झंडों के साथ साथ पॉलिस्टर , कॉटन , ऊन , सिल्क को भी अनुमति दी गई ।हाथ से बने हुए झंडों के साथ मशीन से बने झंडे का उपयोग कर सकते हैं ।आम जनमानस , गैर सरकारी संगठन तथा शैक्षणिक संस्थान कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक दिवस पर झंडा फहरा सकते हैं ।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ मनोज मिश्र , सह नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार यादव सहित जनपद के महाविद्यालयों के प्राचार्यगण उपस्थित रहे ।

# रंगों के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति का संदेश

## कुलपति ने विद्यार्थियों की सृजनात्मकता की सराहना की

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में मंगलवार को 'आजादी के अमृत महोत्सव' के 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतिभागियों ने देशभक्ति आधारित विषय पर रंगोली एवं पोस्टरों को बनाया. विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने प्रतिभागियों के सृजनात्मकता की प्रशंसा की. पोस्टर प्रतियोगिता में 52 एवं रंगोली प्रतिभागियों में 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया|



**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

**www.vbspu.ac.in**






कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि रंगोली और पोस्टर के माध्यम से देशभक्ति की भावना को जागृत किया है. इस तरह के सन्देश लोगों के दिल और दिमाग पर अमिट छाप छोड़ते है.

उन्होंने कहा कि हम सब भाग्यशाली है कि आज़ादी के अमृत महोत्सव में अपना योगदान दे रहे है. विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आयोजित होने वाली प्रतियोगिताएं में बढ़- चढ़ कर हिस्सा लें. कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र 15 अगस्त 2022 को प्रदान किया जाएगा. प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अन्नू त्यागी, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. पूजा सक्सेना,डॉ. विवेक पाण्डेय, डॉ. विजय बहादुर मौर्य एवं सोनम झा रही. नोडल अधिकारी डॉ मनोज मिश्र ने संचालन एवं स्वागत संयोजक डॉ विनय वर्मा ने किया|

इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, एआर अजीत सिंह, प्रो. अजय प्रताप सिंह,डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. नृपेन्द्र सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. दिव्येंदु मिश्र समेत शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित रहे|

## अमृत योग सप्ताह
## 14- 06-2022 to 21-06-2022

**योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाएः प्रो. निर्मला एस. मौर्य**



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मुक्तांगन परिसर में खेलकूद परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स रेंजर एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को अमृत योग सप्ताह का उद्‌घाटन बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. मौर्य ने कहा कि अमृत योग सप्ताह उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा की भागमभाग की दुनिया में स्वास्थ्य विश्व की सबसे बड़ी चुनौती है, इसलिए योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। इसे न केवल उस दिन बल्कि अपने जीवन में इसे हर दिन अपनाएं और स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं।

इस अवसर पर आर्ट आफ लिविंग बेंगलूरू के योग प्रशिक्षक ई. अंकुशजी ने कहा कि योग व्यक्ति में आत्मविश्वास पैदा करता है। उन्होंने तितली आसन, शवआसन, सूर्य नमस्कार, नाड़ी शोधन, ताड़ आसन समेत कई आसनों को कराया। इसके पूर्व सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम सुबह पौने छह बजे से शुरू हुआ। योग प्रशिक्षक के साथ सहायक के रूप में विकासजी थे।

इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, बबिता सिंह, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. मनोज कुमार पांडेय, एनएसएस समन्वयक डा. राकेश यादव, डा. सुनील कुमार, डा. गिरधर मिश्र, डा. अवध बिहारी सिंह, डा. धीरेंद्र चौधरी, डा.पुनीत धवन, डा. दिव्यंदु मिश्र, डा.आलोक वर्मा, डा. इंद्रेश कुमार, मनमोहन भट्ट, अरूण शर्मा, पंकज सिंह, सुशील प्रजापति, धीरज श्रीवास्तव, अशोक सिंह, रजनीश सिंह, राजेश सिंह, आदर्श अरूण आदि शामिल थे।

## निरोग रहने के लिए योग जरूरी: कुलसचिव

तीसरे दिन मुक्तांगन परिसर में हुआ योगाभ्यास




वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मुक्तांगन परिसर में खेलकूद परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स रेंजर एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को अमृत योग सप्ताह के तीसरे दिन कुलसचिव समेत विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारियों ने भाग लिया।

कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने के निर्देशन में यह कार्यक्रम चल रहा है।

इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि करो योग रहो निरोग का स्लोगन का मतलब हम लोगों को खुद महसूस हो रहा है। तीसरे दिन शरीर और मन अनुकूल होने लगा है।

अगर हम इसे प्रतिदिन जीवन में शामिल कर लें तो हमारी बहुत ही समस्याओं का समाधान अपने आप निकल जाएगा।

इस अवसर पर आर्ट आफ लिविंग बेंगलूरू के योग प्रशिक्षक ई. अंकुशजी ने कहा कि योग व्यक्ति की निराशा को खत्म कर आशावान बनाता है। उन्होंने विभिन्न आसनों के माध्यम से लोगों को योगाभ्यास कराया।

यह कार्यक्रम सुबह पौने छह बजे से शुरू हुआ। योग प्रशिक्षक के साथ सहायक के रूप में विकासजी थे।

इस अवसर सहायक कुलसचिव अमृत लाल, बबिता सिंह, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, प्रो. बीबी तिवारी, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. रजनीश भास्कर, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डा. मनोज कुमार पांडेय, डा. सुनील कुमार, डा. गिरधर मिश्र, डा.पुनीत धवन, डा. दिव्यंदु मिश्र, डा.आलोक वर्मा, विद्युत मल्ल, डा. इंद्रेश कुमार, मनमोहन भट्ट, रमेश पाल, अरूण शर्मा, पंकज सिंह, सुशील प्रजापति, मोहिंद्र पाल, धीरज श्रीवास्तव, अशोक सिंह, रजनीश सिंह, राजेश सिंह, आदर्श अरूण आदि शामिल थे।

**योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं - कुलपति**

**विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का हुआ आयोजन**




वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन हुआ। आर्ट ऑफ लिविंग बेंगलुरु के योग प्रशिक्षक ई. अंकुश जी ने आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल के तहत योग कराया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में खेलकूद परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर्स रेंजर एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे अमृत योग सप्ताह का समापन हुआ। मैसूर के पैलेस मैदान में आयोजित योग दिवस के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सीधे प्रसारण के माध्यम से स्टेडियम में सुना गया। योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि योग में श्वास की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्वास लेने और छोड़ने के सौंदर्य को जो जान लेते है वही योग के महत्व को समझते है। उन्होंने कहा कि योग के लिए खाली पेट होना चाहिए, जो लोग सुबह योग नहीं कर सकते है वह सायंकाल भोजन के पूर्व योग कर कर सकते है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बना ले। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने योग प्रशिक्षक ई. अंकुश, जय एवं विकास, अनिल कुमार को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय की योग टीम द्वारा आठ दिनों तक योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अजय प्रताप सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन अशोक सिंह ने किया. इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, सहायक कुलसचिव बबिता, अमृत लाल, विजय तिवारी, प्रो. देवराज, दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ मनोज पाण्डेय, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव,डा. राकेश यादव, डॉ. जगदेव, डॉ. सुनील कुमार, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ पुनीत सिंह, दिव्येंदु मिश्र, पंकज सिंह, रमेश पाल, मदन मोहन भट्ट, प्रमोद कुमार सिंह, रजनीश सिंह, डॉ राजेश सिंह, इन्द्रेश कुमार, विद्युत मल्ल, सुशील प्रजापति, राजनारायन सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर पीयू में हुई संगोष्ठी
## 07-04-2022

डायबिटीज जागरूकता के लिए हुई पोस्टर प्रतियोगिता

**बेहतर स्वास्थ्य के लिए जीवनशैली प्रबंधन ठीक करें: डा. वीएस उपाध्याय**

शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी जरूरीः प्रो. निर्मला एस. मौर्य



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें डायबिटीज और हृदय रोग से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। यह संगोष्ठी फार्मेसी विभाग और जौनपुर लायंस क्लब की ओर से आयोजित किया गया है।

मुख्य अतिथि हृदय और डायबीटिज रोग विशेषज्ञ डॉ. वी. एस. उपाध्याय ने कहा कि आज कि भागदौड़ भरी जिंदगी और बदलती जीवनशैली ने सबसे अधिक युवा पीढ़ी को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि दवा के साथ साथ हमें अपनी लाइफ स्टाइल मैनेजमेंट को ठीक करना होगा। उन्होंने डायबिटीज और हृदय रोग से बचाव हेतु विस्तार से बताते हुए कहा कि आधी उम्र तो आराम से गुज़र जाती हैं लेकिन अगली आधी उम्र में चिकित्सक व दवाओ का सहारा लेना पड़ता है,बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है कि पहले से ही अपनी जीवन शैली प्रबंधन को बेहतर बनाये। उन्होंने कहा कि डायबिटीज से ग्रसित मरीज को ब्लड शुगर,ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित रखना दिल की बीमारी के लिए बहुत जरूरी है। व्यायाम करके इसे बचा जा सकता है

डायबिटीज के बढ़ने पर व्यक्ति को हार्ट संबंधी समस्याएं हो जाती हैं,ऐसा इसलिए क्योंकि डायबिटीज और हार्ट डिजीज के बीच मजबूत कनेक्शन है। दोनों बीमारी बीपी,कोलेस्ट्रॉल और और मोटापे के बढ़ने से होती हैं,इसलिए समय रहते अगर डायबिटीज को कंट्रोल नहीं किया गया,तो हार्ट डिजीज होना निश्चित है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करतीं हुई विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य ने सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया का जिक्र करते हुए कहा कि इस ग्रह पर जो भी बीमारी पैदा हो रही है उनसे हमे बचना चाहिए,थकावट हमेशा मन में होता है इसलिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होना चाहिए,किसी भी बिमारी का समय से इलाज न करना सबसे बड़ी बीमारी है। उन्होंने कहा कि वेद मंत्रों में भी बीमारी के इलाज के साथ-साथ स्वस्थ्य रहने के गुण बताए गए हैं।

कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि व्यक्ति का स्वास्थ्य ही उसका सबसे बड़ा धन है। इसे संभालकर और संजों कर रखने की जरूरत है। इसकी प्रासंगिकता को देखते हुए विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग लाभांवित हो सके।

इसके पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. वी. एस. उपाध्याय, लायन्स क्लब जौनपुर के अध्यक्ष मदन गोपाल गुप्ता को अंगवस्त्रम और स्मृति चिह्न देकर प्रो. मानस पांडेय और डा. सुनील कुमार ने सम्मानित किया।

लायन्स मण्डल डायबिटीज चेयरमैन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर डायबिटीज जागरुकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संगोष्ठी का संचालन डा सुशील कुमार ने और आभार डा धर्मेन्द्र सिंह और कार्यक्रम संयोजक विनय वर्मा ने किया।

इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो. वंदना राय, प्रो. देवराज सिंह, डा. अशोक श्रीवास्तव, डा. अविनाश पाथर्डीकर, डा. प्रदीप कुमार, डा. मनोज मिश्र, डा. सुनील कुमार, डा. आशुतोष सिंह, डा. रजनीश भास्कर, डा. विवेक पांडेय, डा. प्रमोद कुमार, डा. गिरधर मिश्र, डा. मंगला प्रसाद. नीतेश जायसवाल, डा. धीरेंद्र चौधरी, डा. श्याम कन्हैया सिंह, डा. श्रवण कुमार, सचिव अशोक मौर्य, मनोज चतुर्वेदी, डा संदीप मौर्य, डा. करूणा निराला, डा. अनुराग मिश्र आदि उपस्थित थे।



CERTIFICATE

Certified that Mr. Priyanshu Pradhan

of B.Com (Hons) participated in the competition for Awareness on Prevention and Control of Diabetes Disease organized jointly by Pharmacy Department of VBS Purvanchal University, Jaunpur and Lions Club Jaunpur at VBS Purvanchal University on World Health Day on 7th April 2022 and got 2nd prize.

We wish him/her a bright and successful future.

MJF S.M. Mustafa, District Diabetes Chairman, Lions clubs International-321E

Lion Madan Gopal Gupta, President, Lions club Janupur

Dr. Rajeev Kumar, Head Incharge, Department of Pharmacy VBS PU

MJF Dr. V.S.Upadhyay, Heart & Diabetes Specialist, Ashadeep Hospital, Jaunpur

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

## मतदान जागरूकता के लिए प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**26-02-2022**



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आर्यभट्ट सभागार में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया. प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने प्रमाणपत्र देकर उत्साहवर्धन किया.

इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विद्यार्थियों को खुद मतदान करते हुए अपने आस- पास के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करे तथा शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान सशक्त लोकतंत्र की आवश्यकता है। उन्होंने मतदान के अधिकार के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विश्व के कई देशों में पुरुष तथा महिला मताधिकार के ऊपर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा मतदान की शपथ भी दिलाई गई ।

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय आजीविका मिशन के उपायुक्त ओम प्रकाश यादव ने विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित किया।









इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगोली, पोस्टर, निबंध तथा गीत के माध्यम से जागरूकता का कार्यक्रम किया। गायन प्रतियोगिता में सरिता, पोस्टर प्रतियोगिता में आशुतोष, निबंध प्रतियोगिता में हर्ष गुप्ता, रंगोली प्रतियोगिता में मोहम्मद यासिर ने क्रमश प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेन्द्र कुमार, रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव, डॉ. गिरिधर मिश्रा, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह व अन्य शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे । महिला केंद्र की प्रभारी तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद् डॉ. अन्नू त्यागी ने ,किया।कार्यक्रम का संचालन सोनम झा ने किया।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in


V. B. S. Purvanchal University, Jaunpur, U.P.

WOMEN STUDY CENTER & NATIONAL SERVICE SCHEME

Sr. No. :............

Presents this

Certificate of Participation

Mr./Mrs./Dr./Prof........Ashutosh....Tiwari........................................................ has participated/Judged/Volunteers in Voter Awareness Campaign and presented Poster/ Rangoli / Essay Writing / Speech/ Singing competition held at V. B. S. Purvanchal University, Jaunpur, U.P. on 26th February-2022, and awarded .....Ist..................... Prize.

Organizing Secretary
Dr. Vinay Verma

Convener
Dr. Janhvi Srivastava
Incharge Women Study Center


V. B. S. Purvanchal University, Jaunpur, U.P.

WOMEN STUDY CENTER & NATIONAL SERVICE SCHEME

Sr. No. :............

Presents this

Certificate of Participation

Mr./Mrs./Dr./Prof...........Shivani.......Gaur........................................................ has participated/Judged/Volunteers in Voter Awareness Campaign and presented Poster/ Rangoli / Essay Writing / Speech/ Singing competition held at V. B. S. Purvanchal University, Jaunpur, U.P. on 26th February-2022, and awarded ......IInd..................... Prize.

Organizing Secretary
Dr. Vinay Verma

Convener
Dr. Janhvi Srivastava
Incharge Women Study Center

# कवि सम्मलेन

23-10-2021





वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह के अंतर्गत 3 अक्टूबर की शाम महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में विराट कवि सम्मलेन का आयोजन किया गया । कवि सम्मेलन में देश के प्रख्यात कवियों ने श्रोताओं को अपनी रचनाओं से मंत्रमुग्ध कर दिया।

यह आयोजन विश्वविद्यालय के भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जनसंचार विभाग एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में किया गया । कवि सम्मेलन का प्रायोजक पंजाब नेशनल बैंक रहा।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आवास एवं शहरी नियोजन राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव स्थापना दिवस पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद पूर्वांचल विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। यहाँ से निकले लोग पूरे देश में जिले का मान बढ़ा रहे है। विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहां की जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे कवि। उन्होंने देवी गीत प्रस्तुत किया।

विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया। मीरा की पीड़ा मीरा ने ही जानी। जली थी सतत वह... काव्य रचना सुनाई।
कवि सम्मेलन में अलीगढ़ से आये प्रख्यात कवि डॉ विष्णु सक्सेना ने तपती हुई ज़मीन है जलधार बांटता हूं, पतझड़ के रास्ते पर मैं बहार बांटता हूं, ये आग का है दरिया जीना है बहुत मुश्किल, नफरत के दौर में भी मैं प्यार बांटता हूं.. समेत तमाम रचनाएं प्रस्तुत की।
इंदौर से आई डॉ भुवन मोहिनी ने जय हो शक्ति भगवती अग्निवती मधुमति..सरस्वती वंदना के बाद यहां हर पिता के भाग्य में बेटी नहीं होती कविता सुना कर बेटियों का मान बढ़ाया।
प्रयागराज के अखिलेश द्विवेदी ने अपनी हास्य कविताओं से लोगों को खूब ठहाके लगवाएं।
वाराणसी के वरिष्ठ कवि हरिराम द्विवेदी ने गीत, छंद और मुक्तक की अद्वितीय प्रस्तुति की। भरतपुर से भगवानदास मकरंद ने ठोको ताली, वाह-वाह करते करते एक दिन क्या पता था ऐसी उठापटक मचाएंगे समेत कई रचनाएं प्रस्तुत की। वाराणसी के अभिनव अरुण हिंदी और उर्दू से मोहब्बत जुबां हिंदुस्तानी बोलता हूँ से जोश भर दिया।
अयोध्या के डॉ श्रवण कुमार ने सुनाया कि कुछ बातें जो बिना कहे ही महसूस की जाती है । कुछ यादें जो सीधे लोगों के दिल में उतर जाती हैं । कुछ रिश्ते जो भीनी खुशबू के झोंकों से होते हैं जिन्हें जिंदगी नाम कोई दे नहीं पाती।

जौनपुर के सभाजीत द्विवेदी ने जब भी हम करे एकता की बात करें। साम्प्रदायिक सौहार्द काव्यपाठ किया। जयपुर के अशोक चारण ने कवि सम्मेलन का संचालन किया।

प्रखर श्रोताओं के समक्ष अपनी उत्कृष्ट रचनाओं की प्रस्तुति दिया. कार्यक्रम के संयोजक डॉ मनोज मिश्र ने संचालन किया।


इस अवसर पर पीएनबी मंडल कार्यालय, वाराणसी के मंडल प्रमुख राजेश कुमार, राम बहादुर, वरिष्ठ जेल अधीक्षक एस के पांडेय, वित्त अधिकारी संजय राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंता बी एन सिंह, प्रो अजय द्विवेदी, प्रो वंदना राय, आचार्य विक्रमदेव, प्रो अजय प्रताप सिंह, प्रो अशोक श्रीवास्तव, प्रो देवराज सिंह, डॉ विजय सिंह, डॉ विजय प्रताप तिवारी, डॉ रसिकेश, डॉ राजकुमार, डॉ राकेश कुमार यादव, डॉ संतोष कुमार, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ.अवध बिहारी सिंह, डॉ. मनोज पांडेय, डा. प्रमेंद्र विक्रम सिंह, विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थीगण उपस्थित रहें|



Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

अन्तर्विभागीय हिंदी सप्ताह प्रतियोगिता

(14-20 सितम्बर, 2021)

प्रमाण प्रत्र


प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री आशुतोष तिवारी विभाग B. Com Hons' (2nd Year) ने हिंदी सप्ताह 2021 के अंतर्गत प्रबंध अध्ययन संकाय में दिनांक 14 से 20 सितम्बर 2021 तक आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया तथा उक्त प्रतियोगिता में इन्होने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

मै इनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना करता हूँ।

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल,
बिन निज भाषा- ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल॥

(डॉ. मनोज मिश्र)
संयोजक, भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ

(प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर)
संकायाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन संकाय



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

अन्तर्विभागीय हिंदी सप्ताह प्रतियोगिता

(14-20 सितम्बर, 2021)

प्रमाण प्रत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री आयुष गुप्ता विभाग B. Com Hons' (2nd Year) ने हिंदी सप्ताह 2021 के अंतर्गत प्रबंध अध्ययन संकाय में दिनांक 14 से 20 सितम्बर 2021 तक आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया तथा उक्त प्रतियोगिता में इन्होने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मै इनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना करता हूँ।

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल,
बिन निज भाषा- ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल॥

(डॉ. मनोज मिश्र)
संयोजक, भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ

(प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर)
संकायाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन संकाय

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

हिन्दी दिवस

अन्तर्विभागीय हिंदी सप्ताह प्रतियोगिता
(14-20 सितम्बर, 2021)

प्रमाण प्रत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री आंचल शुक्ला विभाग B.com (2nd Year) ने हिंदी सप्ताह 2021 के अंतर्गत प्रबंध अध्ययन संकाय में दिनांक 14 से 20 सितम्बर 2021 तक आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया तथा उक्त प्रतियोगिता में इन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

मैं इनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना करता हूँ।

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल,
बिन निज भाषा- ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल॥

(डॉ. मनोज मिश्र)
संयोजक, भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ

(प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर)
संकायाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन संकाय

---

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

हिन्दी दिवस

अन्तर्विभागीय हिंदी सप्ताह प्रतियोगिता
(14-20 सितम्बर, 2021)

प्रमाण प्रत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री सलोनी सोनी विभाग B.com (2nd Year) ने हिंदी सप्ताह 2021 के अंतर्गत प्रबंध अध्ययन संकाय में दिनांक 14 से 20 सितम्बर 2021 तक आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया तथा उक्त प्रतियोगिता में इन्होंने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

मैं इनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना करता हूँ।

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल,
बिन निज भाषा- ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल॥


(डॉ. मनोज मिश्र)
संयोजक, भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ

(प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर)
संकायाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन संकाय

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

**www.vbspu.ac.in**



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

अन्तर्विभागीय हिंदी सप्ताह प्रतियोगिता

(14-20 सितम्बर, 2021)

प्रमाण पत्र

B.Com Hons' (2nd Year)

(डॉ. मनोज मिश्र)

(प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर)

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

अन्तर्विभागीय हिंदी सप्ताह प्रतियोगिता

(14-20 सितम्बर, 2021)

प्रमाण प्रत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री मुस्कान यादव विभाग B. Com Hons' (2nd Year) ने हिंदी सप्ताह 2021 के अंतर्गत प्रबंध अध्ययन संकाय में दिनांक 14 से 20 सितम्बर 2021 तक आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया तथा उक्त प्रतियोगिता मे इन्होने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मै इनके उज्ज्वल भविष्य कि कामना करता हूँ।

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल,
बिन निज भाषा- ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल॥

(डॉ. मनोज मिश्र)
संयोजक, भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ

(प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर)
संकायाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन संकाय

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

**www.vbspu.ac.in**



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

अन्तर्विभागीय हिंदी सप्ताह प्रतियोगिता

(14-20 सितम्बर, 2021)

प्रमाण प्रत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री प्रियांशु प्रधान विभाग B.com (2nd Year) ने हिंदी सप्ताह 2021 के अंतर्गत प्रबंध अध्ययन संकाय में दिनांक 14 से 20 सितम्बर 2021 तक आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया तथा उक्त प्रतियोगिता में इन्होने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

मै इनके उज्वल भविष्य कि कामना करता हूँ।

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल,<br>
बिन निज भाषा- ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल॥

(डॉ. मनोज मिश्र)<br>
संयोजक, भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ

(प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर)<br>
संकायाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन संकाय



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

अन्तर्विभागीय हिंदी सप्ताह प्रतियोगिता

(14-20 सितम्बर, 2021)

प्रमाण प्रत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/सुश्री आस्था यादव विभाग B. Com Hons' (2nd Year) ने हिंदी सप्ताह 2021 के अंतर्गत प्रबंध अध्ययन संकाय में दिनांक 14 से 20 सितम्बर 2021 तक आयोजित पोस्टर प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया तथा उक्त प्रतियोगिता में इन्होने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मै इनके उज्वल भविष्य कि कामना करता हूँ।

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल,
बिन निज भाषा- ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल॥

(डॉ. मनोज मिश्र)
संयोजक, भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ

(प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर)
संकायाध्यक्ष, प्रबंध अध्ययन संकाय



वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर
राष्ट्रीय हिन्दी सप्ताह समारोह

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

**www.vbspu.ac.in**

## थीम बेस्ड लिटरेरी फेस्ट समिट का हुआ आयोजन

**03-03-2021**




वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में पूर्वांचल साहित्य महोत्सव -**2021** का आयोजन गुरूवार को किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश शासन के अनुमोदन से थीम बेस्ड लिटरेरी फेस्ट समिट के तहत "आत्मनिर्भर भारत एवं युवा विषय" पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के समापन सत्र में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि साहित्य का समाज को दिशा देने में विशेष योगदान है। इन युवा काव्य प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। विज्ञान अपनी जगह है, लेकिन विज्ञान का भी एक साहित्य होता है, भाषा होती है। उन्होंने कहा कि इच्छाओं की तरह कविता मुक्त और त्याग की कथा है, वेदनाओं की अभिव्यक्ति भी है कविता"। कुलपति ने अपनी एक रचना भी प्रस्तुत की-"कौन सी कविता होती है पूरी, सदा रहती है अधूरी।

थीम बेस्ड लिटरेरी फेस्ट में "आत्मनिर्भर भारत एवं युवा विषय" पर विद्यार्थियों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में बीटेक के छात्र अश्वनी ठाकुर फौजी प्रथम स्थान, गाजीपुर राजकीय महाविद्यालय की बीए की छात्रा सौम्या मिश्रा द्वितीय स्थान, तथा श्वेता यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर आमंत्रित कवियों ने भी अपना काव्य पाठ कर खूब तालियाँ बटोरी। विश्वविद्यालय की तरफ से आमंत्रित कवियों को सम्मानित किया गया। कवि सभाजीत द्विवेदी "प्रखर"को पंडित रूप नारायण त्रिपाठी सम्मान, डॉ प्रमोद कुमार श्रीवास्तव अनंग जी को प्रेमचंद सम्मान, जनार्दन अस्थाना जी को श्रीपाल सिंह क्षेम सम्मान और इमरान संभल शाही जी को वामिक जौनपुरी सम्मान तथा डॉ अमिताभ राय को कुशल संचालक सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रो वंदना राय, प्रो देवराज सिंह डॉ मनीष गुप्ता, डॉ मनोज मिश्र, डॉ प्रमोद यादव, डॉ. सतीश कुमार राय गाजीपुर, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार सिंह, खेलकूद परिषद के संयुक्त सचिव डॉ विजय प्रताप तिवारी, श्री प्रकाश यादव, मंगला प्रसाद यादव, आशीष जायसवाल, डॉ वनिता सिंह, डॉ प्रियंका सिंह, अशोक सिंह चौहान रजनीश सिंह, प्रदीप मिश्र, प्रणिता, वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग मणि त्रिपाठी

समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ अनुराग मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संचालन कवि डॉ अमिताभ राय राजहंस ने किया।






**सरदार पटेल एकता दिवस 31-10-2020**

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in




**Cultural Evening 17-11- 2019**

## तीन दिवसीय सांस्कृतिक समारोह

## 01 अक्टूबर से 03 अक्टूबर 2019 तक




**पूर्वांचल विश्वविद्यालय में जुटेंगे प्रतिष्ठित कलाकार**

पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवैद्यनाथ संगोष्ठी हाल में रामकथा के बाद एक से तीन अक्टूबर को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। यह आयोजन सायं 7:30 से 9:30 तक चलेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत एक अक्टूबर को कत्थक कलाकार रवि सिंह प्रयागराज का नृत्य होगा। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजाराम यादव का उप शास्त्रीय गायन होगा। 2 अक्टूबर को लखनऊ की मनीषा मिश्रा का कथक नृत्य और नंद कुमार जोशी का बांसुरी वादन होगा। 03 अक्टूबर को अयोध्या के सत्य प्रकाश मिश्र का शास्त्रीय गायन , नंद कुमार जोशी का बांसुरी वादन और साहित्य कुमार नाहर का सितार वादन होगा। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम राम कथा के बाद संगोष्ठी भवन में आयोजित किये जायेंगें। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई है.

**पंडित सत्यप्रकाश मिश्र के गायन नें बांधा समा**

विश्वविद्यालय जौनपुर महंत अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन में स्थापना सप्ताह के तहत सांस्कृतिक संध्या में अंतिम दिन गुरुवार को अयोध्या से आए शास्त्री गायन के महान हस्ताक्षर पंडित सत्यप्रकाश मिश्र की गजल और ठुमरी में समा बांधा।







प्रयागराज से आये प्रख्यात सितार वादक प्रोफ़ेसर साहित्य कुमार नाहर और शोभित कुमार नाहर ने वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई जाने रे... भजन से शुरुआत की। इसके बाद राग वाचस्पति में स्वर और ताल की जुगलबंदी से पूरा सभागार झंकृत हो गया। इसी क्रम में मिर्जापुर की कजरी पर आधारित धुन को स्वर के माध्यम से प्रस्तुत किया। उनके साथ तबले पर संगत नंदकिशोर मिश्र ने की। महोबा से आए द्रुपद गायक पंडित जयनारायण शर्मा ने हाय पिया कल रतिया पर ... ध्रुपद गायन पेश किया। उन्होंने जब अमीर खुसरो की प्रसिद्द छाप तिलक सब छीनी मोसे नैना मिलाइके..सुनाया तो दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए। साथ में तबले पर संगत राजेश यादव ने की .संस्कृत संध्या के अंतिम दिन अयोध्या के सत्य प्रकाश मिश्र ने बंदिश से शुरुआत की। उन्होंने ...सोचत काहे हे मनवा कौशिक कांगड़ा सुनाया, तो दर्शक भावुक हो गए। इसके बाद रंगी सारी गुलाबी चुनरिया रे... सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। अंत में जब उन्होंने किसी से उनकी मंजिल का पता पाया नहीं जाता।जहां है वह, फरिश्तों का साया नहीं जाता।। सुनाया तो तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा। उनके साथ तबले पर संगत लालजी मलिक ने की। इस अवसर पर सभी कलाकारों को कथावाचक आचार्य शांतनु जी महाराज , कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव, कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल, वित्त अधिकारी एमके सिंह, परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मनोज मिश्र ने किया।

बाल कलाकार आराध्य प्रवीण के तबले पर दर्शक झूमे

**कथक नृत्यांगना मनीषा मिश्रा की जोरदार प्रस्तुति**

विश्वविद्यालय के महंत अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन में स्थापना सप्ताह के तहत सांस्कृतिक संध्या में दूसरे दिन बुधवार को लखनऊ घराने की कथक कलाकार मनीषा मिश्रा और बाल कलाकार आराध्य प्रवीण ने तबला वादन कर धमाल मचा दिया। पूरा हाल तालियों से लगातार गूंजता रहा।










संगीत संध्या की शुरुआत हंस ध्वनि राग से हुई इसमें तबला और वायलिन की जुगलबंदी पेश की गई। तबले पर शंकर दा,बांसुरी पर सुनील और वायलिन पर सुरेश ने युगलबंदी कर समा बांध दिया। इसके बाद लखनऊ से आये बाल कलाकार आराध्य प्रवीण ने जब तबले पर प्रस्तुति दी तो दर्शक वाह -वाह कर उठे । उन्होंने बेदम,अतिवेतन ,चक्करदार,अनागत और तीन ताल पर जोरदार प्रस्तुति की। उनकी दमदार प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध होकर दर्शक बाल कलाकार को अपने स्थान पर खड़े होकर सम्मान दिया। संगीत समारोह के अगले चरण में लखनऊ घराने की कथक नृत्यांगना मनीषा मिश्रा ने अपने प्रस्तुति दी। शुरुआत ...या देवी सर्वभूतेषु की धुन पर की।इसमें महिषासुर मर्दिनी का अभिनय देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। उन्होंने कहा कि नृत्य मेरे लिए एक महा समुद्र के समान है। मुझे इसके एक-एक बूंद का स्वाद चखना है। इसके बाद उन्होंने ताल त्रिताल-**16** मात्रा के अंतर्गत उपज,घाट,आमद,उठान,परन लयवाट की जोरदार प्रस्तुति की। समारोह का समापन उन्होंने लय ताल में घोड़े की चाल,हिरण और शेर की चाल से किया। इस दौरान कथानक के अनुसार उनकी भाव भंगिमा बन जाती थी। जिसे देख कर लोग अपनी ताली बजाना नहीं रोक पाए । समारोह में लखनऊ से आये संगीतकार पंडित रविंद्र नाथ मिश्र,अराध्य प्रवीण का तबला वादन,हारमोनियम पर प्रवीण कश्यप और सारंगी पर पंडित विनोद मिश्र ने संगत की और गायन में मंजूषा मिश्रा ने साथ दिया। सभी

कलाकारों को आचार्य शांतनु जी ,कुलपति प्रो डॉ राजाराम यादव,कुलसचिव सुजीत जायसवाल ,वित्त अधिकारी एमके सिंह ,प्रो अजय द्विवेदी ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन डॉ अनुराग मिश्र ने किया।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सात दिवसीय राम कथा

**29-09-2019**



विश्वविद्यालय के अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन में सात दिवसीय श्री राम कथा अमृत वर्षा की शुरुआत रविवार को हुई। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों में नैतिक एवं सांस्कृतिक संचार के लिए तीसरी बार रामकथा का आयोजन किया गया है।

राम कथा अमृत वर्षा में प्रख्यात कथा वाचक आचार्य शांतनु जी महाराज ने कहा कि राम कथा सुनने से मन का टॉक्सिन निकलता है। भक्ति और अध्यात्म के मार्ग पर आना कठिन है। जो इस मार्ग पर आते है वह विशेष कृपा से आते है। शारदीय नवरात्र के पहले दिन आयोजित इस कथा में माँ दुर्गा की स्तुति की। उन्होंने कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कथा में सातों शगुन एक साथ उपस्थित रहते है।

कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ने आचार्य शांतनु जी महाराज का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से प्रेरणा लेकर अपने समस्त विश्वविद्यालय परिवार को भगवान राम के आदर्श चरित्र को पहुँचाने के लिए राम कथा का आयोजन करते है। संगीत राम कथा के माध्यम से सभी में सकारात्मकता का संचार हुआ है। रामकथा की शुरुआत में व्यासपीठ का पूजन किया गया।

संगीत में रामकथा में हारमोनियम पर अमन मिश्र, तबला पर शंकर दा, वायलिन पर सुरेश, बांसुरी पर सुनील, सह गायक अंकित पाठक, सर्वेश तिवारी एवं प्रदीप ने रामकथा को संगीतमय बना दिया। आचार्य पूजन सौरभ शास्त्री ने किया। संचालन जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने किया।

इसके पूर्व अतिथिगृह में शांतनु जी महाराज का कुल सचिव सुजीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल, परीक्षा नियंता बी एन सिंह, प्रो के पी सिंह, प्रो अनिता गोपेश, प्रो अजय द्विवेदी, प्रो अजय प्रताप सिंह, प्रो बी डी शर्मा, समन्वयक राकेश यादव, डॉ के एस तोमर, डॉ जगदेव, डॉ विजय प्रताप तिवारी, डॉ अनिल यादव, डॉ राजकुमार, डॉ सुबास चंद्र बिसोई, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ अनुराग मिश्र, प्रमेन्द्र सिंह, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ पुनीत धवन, डॉ विनय वर्मा, अमलदार यादव, डॉ संजय श्रीवास्तव, डॉ राजेश सिंह, रजनीश सिंह, अशोक सिंह समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**21-06-2019**



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मुक्तांगन में पंचम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। योग दिवस

के अवसर पर योग आचार्य अमित आर्य ने कॉमन प्रोटोकॉल के तहत वृक्षासन ताड़ासन, प्राणायाम, त्रिकोणासन समेत एक दर्जन से अधिक योगाभ्यास करवाया। उन्होंने योग के लाभों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की ।
बतौर मुख्य अतिथि सामजसेवी एवं आशु कवि दरबारी लाल प्रेमी ने योग की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया योग के लाभों से भिज्ञ है। नवीन शोध भी बताते है कि नित्य योगाभ्यास से हम गंभीर बीमारियों पर विजय पा सकते हैं। अध्यक्षीय संबोधन में आचार्य संजीव जी ने कहा कि मन में विकारों की निवृत्ति करना ही योग है। डॉ संतोष कुमार ने आभार एवं संचालन डॉ संजय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर वित्त अधिकारी एम के सिंह, कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल , प्रो वीडी शर्मा , डॉ अनिल यादव ,राकेश कुमार यादव ,डॉ जगदेव ,डॉ मनोज मिश्र, एमएम भट्ट , डॉ रसिकेश ,डॉ सुनील कुमार, डॉ पुनीत धवन, डॉ अवध बिहारी सिंह,डॉ गिरधर मिश्र,डॉ मनोज पांडे, डा विनय वर्मा , अशोक सिंह, रजनीश सिंह, अरुण सिंह आदर्श समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं क्षेत्रवासियों ने प्रतिभाग किया।

## विश्वविद्यालय में दो दिवसीय विज्ञान दिवस का हुआ आयोजन
## 28-02-2019

विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुई प्रतियोगिताएं




विश्वविद्यालय के उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान में बुधवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का शुभारंभ हुआ। पहले दिन विद्यार्थियों के लिए क्विज,रंगोली एवं मॉडल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

रंगोली प्रतियोगिता में **75** विद्यार्थियों ने अपने सृजन क्षमता प्रदर्शित की। उन्होंने साइबरक्राइम,मिराज,सीवी रमन,ग्लोबल वार्मिंग,सेव वाटर,तकनीकी प्रयोग आदि विषय पर रंगो से संदेश दिया। विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित हुई प्रतियोगिता में **117** विद्यार्थी शामिल हुए। साइंस एवं टेक्नोलॉजी विषय पर यह प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसके साथ ही फार्मेसी एवं इंजीनियरिंग संस्थान के विद्यार्थियों ने सोलर एनर्जी,बीपी मशीन,स्मार्ट सिटी,वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट,हाइड्रॉलिक लिफ्ट आदि विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए।

निर्णायक मंडल में अनु त्यागी, पूजा सक्सेना, डॉ प्रमोद कुमार यादव, डॉ कमलेश पाल, डॉ राजकुमार, डॉ रजनीश भास्कर, डॉ संतोष कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, नितेश जायसवाल, इंद्रेश कुमार शामिल रहे। इंजीनियरिंग संकाय के अध्यक्ष प्रो ए के श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की।

प्रो बीबी तिवारी ने बताया कि **28** फरवरी को विज्ञान दिवस के दूसरे दिन देश के विख्यात वैज्ञानिकों को विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया गया है जिसमें अनुसंधान एवं विज्ञान संगठन के प्रो के एन पांडे, आईआईटी के प्रो एस राम, खड़कपुर पूना विश्वविद्यालय के प्रो विलास तभाने, वैदिक गणित के विद्वान डॉ कैलाश वैदिक शामिल है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के समन्वयक रवि प्रकाश ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन डॉ शैलेश कुमार प्रजापति ने किया।

## पीयू में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित हुआ राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह
**12-01-2019**









**बने चरित्रवान तब होगा देश महान-स्वामी रामदेव**

**---उमड़ी युवाशक्ति -देश भक्ति के नारों से गूंजा परिसर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस में बड़ी तादात में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने शिरकत की। योग गुरु स्वामी रामदेव के साथ विद्यार्थी योग कर आनंदित हो उठे। देश भक्ति के नारों से पूरा विश्वविद्यालय परिसर गूंज रहा था। शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर के आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि युवा सच्चे मार्ग पर चले और इतना ही नहीं सच्चे मार्ग पर चलने वालों को ताकत दे। उन्होंने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि शरीर से बलवान, मस्तिष्क से प्रज्ञावान, हृदय से श्रद्धावान, ऐश्वर्य से धनवान और आचरण से चरित्रवान, तब होगा मेरा भारत महान। देश में ज्ञान, विज्ञान, अनुसन्धान की कमी नहीं है लेकिन विश्वगुरु बनने के लिए हमें अखंड, प्रचंड पुरुषार्थ की जरूरत है। यह युवा ही दे सकते है। इसके लिए हमें विवेकानंद के ध्येय वाक्य उठो, जागों और तब तक चलते रहो जब तक मंजिल न मिल जाये के अनुसरण की जरूरत है । यह कार्य योग से मजबूत किये शरीर बिना संभव नहीं। उन्होंने युवाओं को संकल्प दिलाया कि हम कभी जात -पात ,मजहब के आधार पर भेदभाव नहीं करेंगे।

विशिष्ट अतिथि जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि बाबा रामदेव के योग से एक असंस्कारिक व्यक्ति जिसको डाक्टरों ने जवाब दे दिया था वह ठीक हो गया क्योंकि योग ही संसार की भोगवृत्ति को मिटाता है। हमारे देश के युवाओं में आत्मबल और चरित्रबल है जिसमें हमारी पहचान है। जबकि पाश्चात्य संस्कृति की पहचान सुन्दर पैकिंग में है। उन्होंने कहा कि युवा नौकरी के पीछे भागना छोड़ कर मालिक बने। स्वरोजगार को अपनाएं।

कुलपति प्रो डॉ राजाराम यादव ने स्वामी रामदेव का स्वागत अपने गीत जयति जयति से किया। उन्होंने कहा कि भारत आध्यात्मिक राष्ट्र है लेकिन पश्चिम के देश आर्थिक प्रगति कर रहे है। इसके लिए हमने स्वामी विवेकानंद के विचारों से सीख लेने की जरुरत है। उन्होंने देश भक्ति के गीत सुनाये। उन्होंने कहा कि हमारे यहां के विद्यार्थियों में वसुधैव कुटुंबकम की भावना होनी चाहिए तभी हम विश्व का नेतृत्व कर सकेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक एवं राष्ट्रीय सेवा योजन के समन्वयक राकेश यादव ने स्वागत भाषण के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना की उपलब्धियों को गिनाया। रोवर्स रेंजर के समन्वयक डॉ जगदेव ने भी सम्बोधित किया। समारोह का सञ्चालन जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने किया।

समारोह में स्वामी रामदेव ने मंच से विद्यार्थियों को योग कराया। योग के साथ साथ वे जोश भी भरते रहे। ताड़ासन, शीर्षासन, सर्वांगासन, हलासन, पश्चिमी ताड़ासन, सूर्य नमस्कार, कपाल भाति एवं अनुलोम विलोम कराया। हाथों के बल पर चल कर दिखाया तो तालियों से समारोह गूंज उठा।

समारोह में आजमगढ़ मऊ गाजीपुर जौनपुर जनपद के महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सेविकाए भारी संख्या में शामिल हुए। इसके साथ ही रोवर्स रेंजर्स के कैडेटों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वामी रामदेव का स्वागत किया।

इस अवसर पर कुलसचिव सुजीत कुमार जयसवाल, वित्त अधिकारी श्री एम०के० सिंह, डॉ अंशुमाली जी, मुख्य केंद्र प्रभारी राकेश जी , प्रो बी बी तिवारी, प्रो रंजना प्रकाश, प्रो हरि प्रकाश,डॉ राजीव प्रकाश सिंह,डॉ समर बहादुर सिंह, डॉ विजय

कुमार सिंह,प्रो०अशोक कुमार श्रीवास्तव, डॉ राजकुमार,डॉ उदय भान,डॉ वीरेंद्र विक्रम यादव,डॉ मनराज यादव, आचार्य संजीव जी, अचल हरिमूर्ति, दुर्गेश ,रामाशीष,सुनीता, संदेश योगी, के०एस०तोमर, संजय श्रीवास्तव समेत तमाम महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्रबंधक, विद्यार्थी मौजूद रहे।

**राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ सम्मान**

**-उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं विभिन्न महाविद्यालयों को सम्मानित किया गया**

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरि जी महाराज एवं कुलपति प्रो डॉ राजाराम यादव ने स्वामी विवेकानंद पुरस्कार 2017 -18 उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं विभिन्न महाविद्यालयों को दिया गया।
राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों में आज़मगढ़ जनपद के गया प्रसाद राजकीय स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबारी की सत्या पांडे, नैना देवी महाविद्यालय के उत्तम पटेल, ओम प्रकाश मिश्रा स्मारक पीजी कॉलेज के नीरज यादव को प्रशस्ति पत्र दिया गया।
जौनपुर जनपद के आर एस के डी पी जी कॉलेज के सत्यम सुंदरम मौर्य, शिया कॉलेज की शरीयत फातिमा एवं सहकारी पीजी कॉलेज के विवेक कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।
गाजीपुर जनपद के सुखदेव किसान महाविद्यालय के विनय गोस्वामी एवं राजकीय महिला पीजी कॉलेज की प्रीतम खरवार सम्मानित हुई।
मऊ जनपद के राम बचन सिंह राजकीय महिलाविद्यालय की जया सिंह एवं लालसर कृषक महाविद्यालय की संदीप कुमार चौहान को प्रशस्ति पत्र मिला।
इसी क्रम में कार्यक्रम अधिकारियों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।आजमगढ़ जनपद के राजकीय महिला महाविद्यालय ज्योति कुमारी शिवा डिग्री कॉलेज के डॉ अवधेश गिरी एवं गया प्रसाद स्मारक राजकीय महिला पीजी कॉलेज की डॉ दीपा वर्मा को प्रशस्ति पत्र मिला।
जौनपुर जनपद से डॉ अख्तर हसन रिजवी शिया डिग्री कॉलेज के डॉ अवधेश कुमार, तिलकधारी महिला महाविद्यालय की डॉ मधुलिका सिंह एवं फार्मेसी संस्थान के डॉक्टर विनय कुमार सम्मानित हुए।
गाजीपुर जनपद से स्वामी विवेकानंद पीजी कॉलेज के डॉ विनय कुमार ओझा एवं हिंदू पीजी कॉलेज के डॉ अखिलेश शर्मा को सम्मानित किया गया।
मऊ जनपद के पब्लिक शहर पीजी कॉलेज की डॉ दीपशिखा शुक्ला एवं राजीव गांधी महिला महाविद्यालय की डॉ जोहरा जमाल को सम्मानित किया गया।
इसके साथ ही आजमगढ़ के अग्रसेन महिला पीजी कॉलेज, गंगा गौरी पीजी कॉलेज, आदर्श देवकली बाबा स्मारक महाविद्यालय को बेहतर कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।जौनपुर जनपद के फरीद उल हक मेमोरियल डिग्री कॉलेज तिलकधारी महिला महाविद्यालय एवं मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज ,गाजीपुर जनपद के आत्मप्रकाश आदर्श महाविद्यालय एवं राजकीय महिला पीजी कॉलेज को पुरस्कृत किया गया।मऊ जनपद के राजीव गांधी महिला महाविद्यालय एवं शहीद और अक्षयबर मल्ल महिला विद्यालय को पुरस्कृत किया गया।इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योदान के लिए डॉ गीता सिंह, डॉ राकेश यादव और डॉ अनुराग मिश्रा,डॉ झाँसी मिश्रा सामजिक क्षेत्र में योगदान क लिए शीलनिधि सिंह, राजन गुप्ता, अशोक कुमार यादव, युवा कवि विशाल चौबे, रोवर्स रेंजर के पार्थ, साथ ही प्रेरणा निःशुल्क कोचिंग के छात्र छात्राओं एवं खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अशोक कुमार सिंह को सम्मानित किया गया।

## समारोह में बने तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड

जौनपुर।वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महर्षि पतंजलि स्वदेशी प्रांगण में शनिवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड बने । यह घोषणा गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड के एमडी आलोक सिंह ने की । उनके अनुसार विश्वविद्यालय के इस प्रांगण में एक लाख से अधिक लोगों ने शनिवार को एक साथ ताड़ासन, अर्ध चक्रासन और पादहस्तासन कर यह नया रिकार्ड बनाया है । समारोह के अंत में उन्होंने मंच से इस आशय की घोषणा की।

**कुलपति ने पढ़ा राज्यपाल का सन्देश**

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति राम नाईक ने सन्देश को कुलपति प्रो डॉ राजाराम ने पढ़ा। 30 दिसंबर को प्रेषित सन्देश में राज्यपाल ने कहा कि पूर्व नियोजित कार्यक्रम के कारण युवा दिवस में आना संभव नहीं है। विश्वविद्यालय को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजन

03-10-2018 to 09-10-2018

विश्वविद्यालय स्थापना समारोह के अंतर्गत **3** से **9** अक्टूबर तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम आयोजित होंगे।
इलाहाबाद के कत्थक एवं भाव नृत्य कलाकार रवि सिंह एवं प्रेरणा तिवारी की प्रस्तुति **5** अक्टूबर को होगी।
अयोध्या के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित सत्यप्रकाश मिश्र, छतरपुर मध्य प्रदेश के मृदंग वादक पंडित अवधेश महाराज की प्रस्तुति **6** अक्टूबर को होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर राजाराम यादव **6** अक्टूबर को ठुमरी की प्रस्तुति करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध वायलिन वादक पद्मभूषण एन राजम अपनी कला का प्रदर्शन **7** अक्टूबर को करेंगी। **8** अक्टूबर को प्रख्यात कथक नृत्य विशाल कृष्ण एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राम शंकर द्वारा शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी जाएगी।यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर के महंत अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन में सायं **7:30** से **9:30** बजे तक आयोजित होंगे। **3** अक्टूबर से **9** अक्टूबर तक शाम **4** बजे से **7** बजे तक श्री राम कथा अमृत वर्षा का आयोजन होगा। जिसमें प्रख्यात कथा वाचक शांतनु जी महाराज नैतिक मूल्यों का संचार करेगें।

**पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुरू हुई सात दिवसीय राम कथा**

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में बुधवार को सात दिवसीय श्री राम कथा अमृतवर्षा का शुभारंभ हुआ।





राम कथा में प्रख्यात कथा वाचक श्री शांतनु जी महाराज ने कहा कि बिना भगवत कृपा के कोई कथा नहीं सुन सकता। विज्ञान का युग है और इस युग में जब तक किसी चीज का वैज्ञानिक आधार नहीं होता है कोई विश्वास नहीं करता।आज शरीर के मैल को धोने का बहुत साधन है लेकिन मन के मैल को धोने का वैज्ञानिकों ने कोई साधन नहीं खोजा। मन के मैल को धोने का एक मात्र साधन हरि कथा श्रवण है।

संगीतमय रामकथा में हारमोनियम पर अमन मिश्र, तबला पर भीमसेन, वायलिन पर सुरेश, बाँसुरी पर सुनील, सहगायक अंकित पाठक और सर्वेश तिवारी रहे। आचार्य पूजन सौरभ शास्त्री ने किया।

व्यास पीठ का पूजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ राजाराम यादव, प्रो बी बी तिवारी, वित्त अधिकारी ए के सिंह , कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल, अशोक सिंह, डॉ राधेश्याम सिंह, डॉ मनोज मिश्र, राकेश यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो अजय द्विवेदी ने किया।

इस अवसर पर प्रो अजय प्रताप सिंह,प्रो अविनाश पाथर्डीकर, प्रो वंदना राय, प्रो बी डी शर्मा, मेजर डॉ एस पी सिंह, डॉ नुपूर तिवारी,डॉ संदीप सिंह, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर,डॉ के एस तोमर, डॉ रजनीश भास्कर, अमलदार यादव, पी के कौशिक, अशोक सिंह समेत विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी, क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## कथक और कथा की अमृत वर्षा में डूबे श्रोता











पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवैद्यनाथ संगोष्ठी हाल में शुक्रवार की शाम को आयोजित सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ कथक नृत्य से हुआ। इस अवसर पर इलाहाबाद से आए कथक कलाकार रवि सिंह और प्रेरणा तिवारी ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किए । संगोष्ठी भवन में कथा और कथक दोनों ने अमृत वर्षा की। कार्यक्रम की शुरुआत रवि सिंह ने दुर्गा स्तुति से की,तो प्रेरणा तिवारी ने कथक के भाग तराना का परिचय कराया। इसके बाद रवि सिंह ने राधा तेरी,मेरा श्याम तू ...गीत पर जोरदार नृत्य की प्रस्तुति की। इस पर हाल तालियों से गूंज उठा। इस प्रस्तुति के जवाब में प्रेरणा तिवारी ने हाय मर जाएंगे,लूट जाएंगे ,ऐसी बात ना करो ... गीत पर उनके भाव नृत्य ने दर्शकों की खूब तालियां बँटोरी। कथा में कृष्ण और गोपियों के महारास के वर्णन की रवि और प्रेरणा ने नृत्य के माध्यम से जो प्रस्तुति की वह दर्शकों के दिल में ऐसी उतरी कि लोग झूमने पर मजबूर हो गए। इसके बाद दोनों कलाकारों ने फ्यूज़न गीत पर कथक करके दर्शकों को वन्स मोर ,वन्स मोर करने पर मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. राजाराम यादव ने कहा कि कथक का मतलब कथा से आया भाव होता है। जब शरीर ,मन और आत्मा एक साथ चलते हैं तब कथक होता है। इस अवसर पर कथावाचक आचार्य शांतनुजी महाराज और कुलपति प्रोफेसर डॉ. राजाराम यादव ने दोनों कथक कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह का सँचालन डॉ मनोज मिश्र ने किया । इस अवसर पर कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल,वित्त अधिकारी एमके सिंह ,प्रो अजय द्विवेदी ,प्रोफेसर अविनाश पार्थीडेकर,डॉ सौरभ पाल,राकेश यादव,अनु त्यागी,डॉ सुधीर उपाध्याय ,डॉ शैलेश प्रजापति,डा.नृपेन्द्र सिंह,डॉक्टर सुनील कुमार डॉ अवध बिहारी सिंह ,डॉ संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## पीयू में आयोजित हुई भाषण और रंगोली प्रतियोगिता

**02-10-2018**

***महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन भाषण में शिवेश और रंगोली में अभिषेक विश्वकर्मा ग्रुप प्रथम***






विश्वविद्यालय के संकाय भवन में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में अहिंसा, एकता,देश प्रेम, स्वच्छता एवं सद्भाव विषय पर 43 प्रतिभागियों ने रंगों के माध्यम से संदेश दिया। संकाय भवन के कान्फ्रेंस हॉल में 'कैसा हो भारत अपना' विषय पर भाषण प्रतियोगिता में 25 प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे। अपना देश विश्व गुरु कैसे बने इसके लिए विद्यार्थियों ने मौलिक विचार रखे।रंगोली प्रतियोगिता में अभिषेक विश्वकर्मा ग्रुप प्रथम, राहुल गुप्ता द्वितीय एवं मनसा विश्वकर्मा ग्रुप को तृतीय स्थान मिला। भाषण प्रतियोगिता में शिवेश प्रथम दिव्या श्रीवास्तव द्वितीय एवं हिमांशु को तृतीय स्थान मिला।अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की सृजन क्षमता प्रदर्शित हुई है। विज्ञान संकाय के प्रोफेसर राजेश शर्मा ने कहा कि इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों रंगों के माध्यम से बड़े आकर्षण तरीके से सन्देश दिया है। इन संदेशों को पढ़ कर यह लगता है कि हमारी युवा पीढ़ी सामाजिक मुद्दों को लेकर बहुत जागरूक है। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर राजेश शर्मा, डॉक्टर अवध बिहारी सिंह, अनु त्यागी, डॉ झांसी मिश्रा शामिल रहीं। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ दिग्विजय सिंह राठौर एवं सह समन्वयक डॉक्टर सुनील कुमार रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनय वर्मा ने किया।

## वाद- विवाद प्रतियोगिता में पूजा प्रथम,अमन द्वितीय

18-09-2018



विश्वविद्यालय के संकाय भवन स्थित कांफ्रेंस हाल में सोमवार को 'सोशल मीडिया देश के युवाओं के लिए वरदान से ज्यादा अभिशाप साबित हो रहा है' विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में हेमवंती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति एवं लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा 18 सितंबर को होने वाले अंतरविश्वविद्यालयीय वाद विवाद के लिए 02 विद्यार्थियों का चयन किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में टीडी कॉलेज की छात्रा पूजा शुक्ला ने प्रथम एवं बीटेक कंप्यूटर साइंस के छात्र अमन कुमार गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया का युवाओं के व्यवहार, विचार, मनोरंजन, सामाजिक- पारिवारिक संबंधों पर पड़ने वाले प्रभावों के विविध आयामों पर अपनी बात रखी। विद्यार्थियों द्वारा जहाँ सोशल मीडिया से दूर के लोगों से आत्मीयता और पास के लोगों से बढ़ती दूरी पर सवाल उठाएं वहीं कुछ ने सोशल मीडिया को युवाओं के लाभकारी तो कुछ ने विनाशकारी बताया।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सोशल मीडिया और युवा विषय के विभिन्न आयामों पर अपनी बात रखी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में टीडी पीजी कॉलेज के डॉ अजय दुबे, डॉ सौरभ पाल एवं डॉ सुनील कुमार शामिल रहे। विषय प्रवर्तन जनसंचार विभाग के शिक्षक डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने किया। संचालन समन्वयक डॉ मनोज पांडे ने किया। इस अवसर पर डॉ जान्हवी श्रीवास्तव,अन्नू त्यागी, डॉ मुनिंदर सिंह समेत विभिन्न विभागों के विद्यार्थी गण मौजूद रहें।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम -2018




पूर्वाचल विश्वविद्यालय जौनपुर के इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 26 और 27 फरवरी को मनाया जाएगा। इस अवसर पर देश के जाने-माने वैज्ञानिक और शिक्षाविद् व्याख्यान देंगे। इसमें कलकत्ता विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एल.एन. हाजरा, पुणे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विलास राव तभाने ,ओएनजीसी देहरादून के पूर्व महानिदेशक डा. पी. के. मिश्रा भाग लेंगे। यह कार्यक्रम इंजीनियरिंग में चल रही योजना टेकिप फेज -3 (टेक्निकल एजुकेशन क्वालिटी इंप्रूवमेंट प्रोग्राम) के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं कुलपति प्रोफेसर डा. राजाराम यादव और संरक्षक प्रो. बी.बी. तिवारी है।

इस संबंध में इंजीनियरिग संस्थान में गुरुवार को कार्यक्रम के चेयरमैन प्रोफेसर ए.के. श्रीवास्तव संयोजक डा. संतोष कुमार और सहसंयोजक डा. राजकुमार ने संयुक्त रूप से कोआर्डिनेटरों के साथ बैठक की। बैठक में तय किया गया कि देश के दो दर्जन से अधिक विज्ञान और इंजीनियरिंग संस्थान के लोग विविध प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर साइंस क्विज, पोस्टर प्रतियोगिता, वैज्ञानिक माडल प्रदर्शनी, वैज्ञानिक थीम पर आधारित रंगोली और एक्सटैम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस में वैज्ञानिक सोच विकसित करना, विज्ञान के विषय में जागरूकता पैदा करना वैज्ञानिक उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराना इत्यादि है। इस अवसर पर प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान बाहरी शिक्षकों और विद्यार्थियों आवासीय सुविधा दी जाएगी। व्याख्यानमाला में शामिल होने वाले विद्यार्थियों का पंजीकरण डा. संजीव गंगवार करेंगे। भोजन और अन्य मामलों की निगरानी और व्यवस्था डा. रजनीश भास्कर करेंगे।

**आमजन को मिले विज्ञान के प्रयोग का लाभः प्रो. हाजरा**

## दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ उद्घाटन






विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरैया हाल में सोमवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह की शुरुआत हुई। उद्घाटन सत्र में वैज्ञानिक मुद्दे एवं देश का विकास विषय पर व्याखायानमाला का आयोजन हुआ। भारत सरकार के तकनीक शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन कार्यक्रम (टेकिप-3) के अन्तर्गत यह समारोह आयोजित हुआ।

उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कलकत्ता विश्वविद्यालय के आप्टिक्स एव फोटोनिक्स के प्रो. लक्ष्मीनारायन हाजरा ने कहा कि विज्ञान में जो प्रयोग हुए हैं उसका उपयोग आमजन अपने जीवनशैली में करें। विज्ञान और तकनीक ने आधुनिक और पिछड़े वर्ग के बीच की दूरी को कम किया है। देश के नागरिकों के बीच वैज्ञानक दृष्टिकोण पैदा किए बिना इस दिवस को मनाने का कोई मतलब नहीं। उन्होंने वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन और उस समय के वातावरण की चर्चा कर कहा कि अब हम ज्यादा सम्पन्न है हमे अपने वैज्ञानिक रिसर्च में और भी तेजी लाने की जरूरत है।

विशिष्ट अतिथि ओएनजीसी के पूर्व जीएम डा. पी. के मिश्र ने रूस और जर्मनी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां के रिर्सच का लाभ आम नागरिकों को मिलता क्योंकि वह उनकी मातृभाषा में होते हैं। भारत में इसके विपरीत अंग्रेजी की प्रमुखता होती है जिससे आमजन कोई सरोकार नहीं रखता। पुण विश्वविद्यालय के प्रो. वी. ए,. तभाने ने कहा कि ज्ञान, लगन और जज्बे के बल पर छोटा से छोटा व्यक्ति भी बड़ा कार्य करने में सफल हो सकता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के छात्रों में अवलोकन करने की अच्छी क्षमता होनी चाहिए तभी वह समाज और देश के विकास में सार्थक हो सकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में टेकिप के समन्वयक प्रो. बी.बी तिवारी ने कहा आधुनिक तकनीक ने विज्ञान की खोज और गति को काफी तेज कर दिया है। उन्होने सीवी रमन के लाइट इफेक्ट पर विस्तार से चर्चा की। इंजीनियरिंग के डीन प्रो. ए. के. श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम सहसयोजक डा. राजकुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डा. संतोष कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डा. रजनीश भास्कर ने किया। इस अवसर पर सोविनियर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रो. वंदना राय, डा. प्रदीप कुमार,डा. मनोज मिश्र, डा. दिग्विजय सिहं राठौर, डा. संजीव गंगवार, डा. सुनील कुमार,डा अमरेंद्र सिंह, डा. राजीव कुमार, प्रवीण सिंह, डा. अवध बिहारी सिहं डा. रुश्दा आजमी, यू.आर प्रजापति, डा. विवेक पांडेय, डा. नृपेंद्र सिंह, डा. जे.पी. लाल. प्रीति शर्मा, वर्तिका सरकारी, जया शुक्ला, शैलेश प्रजाप्रति, सत्यम उपाध्याय समेत विद्यार्थी मौजूद रहे।

**रंगोली, पोस्टर, साइंस क्विज और एक्सटेम्पोर के माध्यम बच्चों ने दिए संदेश**



जौनपुर। उमानाथ सिहं इंजीनियरिंग एवं टेक्नालाजी संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें 22 ग्रुपों ने प्रतिभाग किया, इसका विषय महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, डिजीटाइलजेशन और इवैलूएशन के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण को दर्शाया। पोस्टर मेकिंग में 25 ग्रुपों ने प्रतिभाग किया। इसका विषय क्लीन इंडिया, ग्रीन इंडिया, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, मिसाइल मैन, ईबेस्ट, रोबोटिक इन नेशन विल्डिंग पर पोस्टर बनाकर विज्ञान के प्रति जागरूकता को दर्शाया। एक्सटेम्पोर में नौ विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।विज्ञानं प्रश्नोत्तरी में 61 ग्रुपों ने भाग लिया।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

## संकाय भवन में आयोजित हुई विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता
06-12-2017



विश्वविद्यालय के संकाय भवन के कांफ्रेंस हॉल में मंगलवार को स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा विषय पर विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के निर्देश पर विश्वविद्यालय द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में डीसीएसके पीजी कॉलेज मऊ की छात्रा ऋचा पांडे को प्रथम स्थान मिला। अपने भाषण में ऋचा ने कहा कि समाज सुधार मरम्मत की तरह नहीं होना चाहिए बल्कि हनुमान की संजीवनी की संजीवनी की तरह होना चाहिए।लोकमान्य तिलक से लेकर अन्ना हजारे के अभियानों पर अपनी बात रखी।

हडिया पीजी कॉलेज इलाहाबाद की छात्रा मीनाक्षी मिश्रा का द्वितीय एवं गाजीपुर पीजी कॉलेज की छात्रा सलोनी यादव को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा ऋचा पांडे को महान चिंतक एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के संवाहक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के सम्मान में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 29 दिसंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉक्टर अजय द्विवेदी ने प्रतिभागियों को बधाई दी।निर्णायक मंडल में डॉ मनोज मिश्र, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ सुनील कुमार शामिल रहे।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

# Rangoli and Chart Competition, 24 Nov, 2017

## साम्प्रदायिक सदभाव के लिए हुई प्रतियोगिताएं

**रंगोली, चार्ट का कुलपति ने किया अवलोकन**

पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार **24** नवम्बर 2017 को राष्ट्रीय सांप्रदायिक सदभाव प्रतिष्ठान गृह मंत्रालय के निर्देश पर सांप्रदायिक सदभाव के लिए प्रबंध अध्ययन संकाय भवन में विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित रंगोली, स्लोगन, कोलाज एवं पेंटिंग का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सदैव सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखेगें ।बिना सदभाव के कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। संयोजक डॉ अजय द्विवेदी ने कहां कि हमारा नैतिक दायित्व है कि हम सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने में अपना योगदान दें।राष्ट्रीय सांप्रदायिक सदभाव प्रतिष्ठान की तरफ से दिए गए स्टीकर 'सांप्रदायिक सद्भाव' को लोगों को लगाया गया।








राष्ट्रीय सांप्रदायिक सदभाव पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आकांक्षा को प्रथम, मोजिज को द्वितीय, लक्ष्मी को तृतीय स्थान मिला। पेंटिंग प्रतियोगिता में सूरज एवं साक्षी को प्रथम, रश्मि एवं योगिता को द्वितीय, साक्षी एवं सुरभि को तृतीय स्थान मिला। स्लोगन लेखन में शिप्रा को प्रथम, दिलीप को द्वितीय, आकांक्षा को तृतीय स्थान मिला, कोलाज में शिवानी को प्रथम पुरस्कार मिला। रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान सक्सेना ग्रुप को प्रथम, श्रीजल साहू, प्रियंका के ग्रुप को द्वितीय, शिवम प्रिंस, शिवि ग्रुप को तृतीय स्थान मिला। नृत्य प्रतियोगिता में सृष्टि को प्रथम, शिवानी व सुरभि को द्वितीय एवं अश्वनी को तृतीय स्थान मिला। वाद- विवाद प्रतियोगिता सांप्रदायिक सद्भाव के लिए भी आयोजित की गई। विभिन्न गतिविधियों का समन्वय डॉ रसिकेश, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ पूजा सक्सेना, डॉ सुरेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ मानस पांडे, डॉ अविनाश पाथर्डीकर, डॉ मुराद अली, डॉ सुशील कुमार, डॉ राजेश, डॉ के एस तोमर समेत लोग मौजूद रहे ।




साम्प्रदायिक सदभाव के लिए हुई प्रतियोगिताएं

# CULTURAL EVENING, 29 OCT, 2017

## नाद ही ब्रहम - प्रो डॉ राजाराम यादव

**विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक संध्या सम्पन्न**



विश्वविद्यालय में रविवार की रात सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। छतरपुर मध्यप्रदेश से पधारे मृदंग मार्तंड पंडित अवधेश कुमार द्विवेदी, संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित प्रख्यात शास्त्रीय संगीत गायक पंडित सत्य प्रकाश मिश्र एवं स्वामी शांति देव महाराज के शिष्य तथा ठुमरी एवं तराना गायन में सिद्धहस्त कुलपति प्रो डॉ राजाराम यादव की युगलबंदी ने श्रोताओं को अपने उत्कृष्ट गायन से मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मालकोश राग में रावण- मंदोदरी संवाद पर प्रो डॉ राजाराम यादव की प्रस्तुति- मैं कहां जाऊं कासे कहूं पर श्रोता झूम उठे। उनके द्वारा प्रस्तुत तराना एवं ठुमरी बुद्धि न जागी,निकल आयो घमवा,जब जागी तब मूरत पायी,आगि लागे धंधा वज्र परे कमवा पर समूचा हाल तालियों की गूंज से अनुगुंजित होता रहा। शास्त्रीय गायक पंडित सत्यप्रकाश मिश्र द्वारा प्रस्तुत भजन एवं मृदंगाचार्य पंडित अवधेश कुमार द्विवेदी के शिव तांडव स्त्रोत पर मृदंग वादन ने लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुंधति वशिष्ठ अनुसन्धान पीठ के निदेशक डॉ चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि संगीत मानसिक तनाव से मुक्ति देता है। अपने उदबोधन में कुलपति प्रो डॉ राजाराम यादव ने कहा कि नाद ही ब्रहम है। आहत नाद को ब्रहम नहीं माना गया लेकिन अनाहत नाद को ब्रहम की संज्ञा से अभिहित किया गया है। धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डॉ. अविनाश पाथर्डीकर एवं संचालन मीडिया प्रभारी डॉ मनोज मिश्र ने किया। इस अवसर पर डॉ अजय द्विवेदी, डॉ राम नारायण, डॉ ए के श्रीवास्तव, डॉ अमरेंद्र सिंह , डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ रजनीश भास्कर, डॉक्टर संतोष कुमार, डॉ राजकुमार सोनी, डॉ सुशील सिंह, डॉ अलोक सिंह , डॉ विवेक पांडे, डॉ रजनीश भास्कर ,आलोक दास डॉ संजय श्रीवास्तव डॉक्टर विद्युत मल, डॉ पीके कौशिक, सुशील प्रजापति, धीरज श्रीवास्तव समेत विश्वविद्यालय के छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

**www.vbspu.ac.in**

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय राम कथा का शुभारंभ

**04-10-2017 to 08-10-2017**




**राम कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता**

विश्वविद्यालय के संगोष्ठी भवन में पांच दिवसीय राम कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन राम कथा प्रवचन में देश के प्रख्यात राम कथा वाचक श्री शांतनु जी महाराज ने कहा कि विद्या मंदिर में राम कथा का आयोजन अद्भुत संयोग है।आज विज्ञान का युग है।विज्ञान ने तन के मैल को धोने के लिए बहुत कुछ दिया है लेकिन मन के मैल के धोने के कोई विधि नहीं बताई। गोस्वामी जी ने मन के मैल को धोने के लिए राम का नमन करने को कहा है। आज का मनुष्य कुसंग में शामिल होने के लिए विचार नहीं करता लेकिन सत्संग में शामिल होने के लिए अपने से तमाम सवाल करता है।





उन्होंने कहा कि जब भक्त मन से प्रभु को याद करता है तो प्रभु चले आते है।भक्त और एकादशी के भोग पर एक लौकिक प्रसंग राजा राम आइये मेरे भोजन का भोग लगाइये सुना कर सभी को भाव विभोर कर दिया।कथानक में भक्त के प्रेम पर प्रभु राम ने भरत को भंडारी बना दिया, लखन को लकड़ी लाने को भेजा , हनुमान को सफाई का काम सौप दिया ,माँ जानकी को रसोई की जिम्मेदारी दे दी। भक्त के स्नेह पर प्रभु राम ने खुद उसे भोजन कराया। प्रभु राम ने भक्त से कहा कि मेरा मेल सरल लोगों से है कठिन लोगों को मैं नहीं दिखता।

प्रवचन के पूर्व व्यास पीठ का पूजन दरबारी लाल,कुलपति प्रो डॉ राजा राम यादव , प्रो बी बी तिवारी,प्रबंधक अशोक सिंह, वित्त अधिकारी एम के सिंह, कुलसचिव संजीव सिंह, संयोजक डॉ अजय प्रताप सिंह, डॉ के एस तोमर , डॉ बी डी शर्मा ने किया।

कुलपति प्रो डॉ राजा राम यादव ,प्राचार्य डॉ विनोद कुमार सिंह, डॉ एस पी सिंह, डॉ राधे श्याम सिंह, डॉ ए के श्रीवास्तव, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ दिनेश कुमार सिंह,सुमन सिंह, हिमांचल सिंह, एम एम भट्ट, संजय श्रीवास्तव, अशोक सिंह, रजनीश सिंह ने कथा वाचक शांतनु जी महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रचारक एवं राम कथा समिति के समन्वयक शतरुद्र प्रताप सिंह ने श्री राम कथा वाचक श्री शांतनु जी महाराज का जीवन वृत्त प्रस्तुत किया।संचालन मीडिया प्रभारी डॉ मनोज मिश्र ने किया।कथा सुनने के लिए विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थी, आस पास के ग्रामीण सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## रंगोली,पोस्टर एवं संवाद पर हुई प्रतियोगिताएं
## 25-09-2017



विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मशती वर्ष के अंतर्गत बुधवार को अंत्योदय, ग्राम विकास एवं मानव एकात्मवाद विषयपर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें परिसर पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। फार्मेसी संस्थान में पोस्टर, संकाय भवन में परिचर्चा, कविता पाठ, प्रबंध अध्ययन संकाय में स्लोगन लेखन एवं विश्वेश्वरैया हाल में निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम के सहसमन्वयक डॉ राजेश शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर 25 सितंबर को पुरस्कृत किया जाएगा।

प्रतियोगिता की विभिन्न गतिविधियों में डॉ मानस पांडे, डॉ राम नारायण, डॉ मनोज मिश्र, डॉ अजय द्विवेदी,डॉ रजनीश भास्कर, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अवधबिहारी सिंह ,डॉ सुनील कुमार , डॉ जे पी लाल,धर्मेंद्र सिंह, आलोक दास, डॉ रुश्दा आज़मी समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कवि सम्मलेन का हुआ आयोजन

## 05-08-2017

**बादल - बादल मैं लिखता हूँ -पानी- पानी तू भी लिख**



विश्वविद्यालय के संगोष्ठी भवन में शुक्रवार की शाम कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. कवियों की रचनाओं से श्रोता मंत्रमुग्ध होते रहे. कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं प्रख्यात कवि गिरीश नारायण पांडे की रचना एक कहानी मैं लिखता हूं एक कहानी तू भी लिख, बादल - बादल मैं लिखता हूँ, पानी- पानी तू भी लिख, सबके भीतर छिपा हुआ है वादी भी प्रतिवादी भी, और सजाए मैं लिखता हूँ काला पानी तू भी लिख....... के माध्यम से उन्होंने विद्यार्थिओं को सामजिक और पर्यावरण के मुद्दे के प्रति संवेदनशील किया।

अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर राजाराम यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और स्वस्थ मनोरंजन के लिए ऐसे आयोजन होते रहेंगे। इस कवि सम्मेलन का उद्देश्य अयोध्या सिंह हरिऔध, मैथिलीशरण गुप्त, सुमित्रानंदन पंत एवं महादेवी वर्मा की साहित्यिकधर्मिता को विद्यार्थियों के जेहन में प्रतिस्थापित करना है। महोबा से आए श्रृंगार एवं वीर रस के कवि दरबारी लाल प्रेमी की रचना पुस्तक होगी ढाल तुम्हारी, कर्म तुम्हारी है तलवार, बुद्धि और विवेक के बल से करना होगा तुमको वार को विद्यार्थियों ने को विद्यार्थियों ने खूब पसंद किया।





बनारस से आई कवित्री के गीत हे मां सरस्वती वीणा मधुर बजा दे पर पूरा वातावरण भक्ति में हो गया अगली रचना वह जो मौत बांटते हैं कभी जिंदगी न देंगे,जो चिराग बुझ रहे हैं कभी रोशनी न देंगे खूब सराही गई.

लखनऊ के गीतकार निर्मल दर्शन के गीत पहले दिल को जलाया गया और फिर मुस्कुराया गया, प्यार के एक पल के लिए उम्र भर आजमाया गया को लोगों ने कई बार सुना। जौनपुर के प्रख्यात व्यंगकार सभाजीत द्विवेदी प्रखर के गीत एकता के ख्वाब सारे बिखर गए, आजाद हुए हमको जमाने गुजर गए, जम्हूरियत का जिनको समझते थे फरिश्ता, शैतान से भी दो कदम नीचे उतर गए पर सबको आज की स्थिति पर सबको सोचने को विवश कर दिया। गीतकार स्वामीनाथ पाठक मधुर की रचना राष्ट्रवादी बनो बंधु वादी बनो जातिवादी बने तो बिखर जाओगे सुनाया ।

कवि सम्मेलन में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ देवराज ने भी अपनी रचना प्रस्तुत की. आजमगढ़ के आशु कवि कमला सिंह, वाराणसी के गीतकार सत्यप्रकाश आजाद की रचनाओं ने श्रोताओं को खूब आनंदित किया। कवि सम्मेलन में कवियों का स्वागत एवं परिचय मीडिया प्रभारी डॉक्टर मनोज मिश्र द्वारा किया गया. संचालन सभाजीत द्विवेदी प्रखर एवं अशोक सिंह ने किया। कवि सम्मेलन के संयोजक सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष डॉक्टर अजय प्रताप सिंह ने धन्यवाद् ज्ञापन किया। इस अवसर पर डॉ वी डी शर्मा, डॉ अजय द्विवेदी, डॉ ए के श्रीवास्तव, डॉ अविनाश पाथर्डीकर, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ राज कुमार सोनी, डॉ संतोष कुमार, डॉ सुरजीत यादव, डॉ सुनील कुमार, डॉ रुश्दा, अमलदार यादव, अनिल श्रीवास्तव, रजनीश सिंह, संजय श्रीवास्तव, सुशील प्रजापति, विद्युत् मल समेत विद्यार्थीगण मौजूद रहे|